# नामांकन, समीक्षा, और निष्कासन प्रक्रिया हेतु माता-पिता के लिए मार्गदर्शिका

जनवरी 2025



THE TEXAS LEGAL FRAMEWORK
for the Child-Centered Special Education Process
FW.ESCAPPS.NET

TEA
Texas Education Agency
TEA.TEXAS.GOV/TEXASSPED

SPEDTEX
Special Education Information Center
SPEDTEX.ORG

# विषय सूची

परिचय ........ 2

नामांकन, समीक्षा, और निष्कासन प्रक्रिया हेतु माता-पिता के लिए मार्गदर्शिका ........ 3

आरंभिक बालपन हस्तक्षेप ........ 3
तीन से पांच वर्ष के बच्चों के लिए सेवाएं (किंडरगार्टन में जाने से पहले) ........ 3
स्कूली-उम्र के बच्चे के लिए सहायता ........ 3
हस्तक्षेप की प्रतिक्रिया सहित, समर्थन की बहु-स्तरीय प्रणाली ........ 4
एक आरंभिक मूल्यांकन के लिए रेफ़रल ........ 4
पूर्व लिखित नोटिस ........ 5
माता-पिता की सहमति ........ 5
मूल्यांकन प्रक्रिया ........ 6
नामांकन, समीक्षा, और निष्कासन (ARD) समिति की बैठकें ........ 7
पात्रता ........ 8
वैयक्तिकृत शिक्षा कार्यक्रम का विकास (IEP) ........ 9
अकादमिक उपलब्धि और कार्यात्मक प्रदर्शन का वर्तमान स्तर ........ 10
वार्षिक लक्ष्य ........ 10
विशेष शिक्षा, संबंधित सेवाएं, और अनुपूरक साधन एवं सेवाएं ........ 10
राज्य द्वारा मूल्यांकन ........ 10
रूपांतरण ........ 11
वयस्क छात्र ........ 12
ऑटिज्म वाले बच्चे ........ 12
ऐसे बच्चे जो बधिर हों या जिन्हें सुनने में कठिनाई हो ........ 13
ऐसे बच्चे जो अंधे या दृष्टि बाधित हों ........ 13
व्यवहारगत सुधार या हस्तपेक्ष योजनाएं (BIP) ........ 13
विस्तारित स्कूली वर्ष सेवाएं ( ESY) ........ 13
प्लेसमेंट ........ 14
ARD समिति के निर्णय ........ 14
IEP की प्रति ........ 15
IEP की समीक्षा ........ 15
पुनर्मूल्यांकन ........ 16
स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन (IEE) ........ 16
सेवाओं के लिए सहमति का निरसन ........ 16
स्नातक ........ 17
अनुशासन ........ 18
त्वरित उचित प्रक्रिया सुनवाई ........ 20
विवाद का निपटारा ........ 20
अतिरिक्त सहायता ........ 20

**कॉपीराइट © 2025. टेक्सास एजुकेशन एजेंसी। सर्वाधिकार सुरक्षित।**

## परिचय

ये मार्गदर्शिका टेक्सास एजुकेशन एजेंसी (**TEA**) द्वारा टेक्सास एजुकेशन संहिता §26.0081 की ज़रूरतों के जवाब में तैयार की गई थी। ये मार्गदर्शिका आपको एक ऐसे बच्चे के माता-पिता के रूप में, जो विशेष शिक्षा एवं संबंधित सेवाओं के योग्य है या हो सकता है, विशेष शिक्षा प्रक्रिया और आपके प्रक्रियात्मक अधिकारों तथा ज़िम्मेदारियों की बेहतर समझ देने के लिए तैयार की गई है ताकि आप अपने बच्चे की शिक्षा के बारे में निर्णय लेने की प्रक्रिया में पूरी तरह भाग ले सकें।

विकलांग लोगों के लिए शिक्षा अधिनियम 2004 ( **IDEA**) फ़ेडरल कानून है जो विशेष शिक्षा प्रक्रिया को संचालित करता है। IDEA के मुख्य उद्देश्यों में से एक ये पक्का करना है विकलांग बच्चों के लिए मुफ़्त उपयुक्त सार्वजनिक शिक्षा (**FAPE**) उपलब्ध है, जो उनकी विशिष्ट ज़रूरतों को पूरा करने के लिए तैयार की गई विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं पर बल देता है और उन्हें आगे की शिक्षा, रोज़गार और स्वतंत्र रूप से जीने के लिए तैयार करता है। *विशेष शिक्षा* का आशय विकलांग बच्चे की विशिष्ट ज़रूरतों को पूरा करने लिए विशेष रूप से तैयार निर्देश से है। *संबंधित सेवाएं* ऐसी विशेष सेवाएं हैं जो छात्र की विशेष शिक्षा का समर्थन करने के लिए ज़रूरी होती हैं जिससे वे अपने अकादमिक और कार्यात्मक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रगति कर सकें। संबंधित सेवाओं में ऑक्यूपेशनल थेरेपी, फिजिकल थेरेपी, भाषण - भाषा थेरेपी, परामर्श सेवाएं, अभिकेंद्रण और गतिशीलता सेवाओं और/या परिवहन सेवाओं जैसी सेवाएं शामिल हो सकती हैं।

IDEA के तहत, विशेष शिक्षा प्रक्रिया के हर चरण में माता-पिता की भागीदारी महत्वपूर्ण है। ये मार्गदर्शिका ऐसी विभिन्न गतिविधियों का वर्णन करती है जो प्रक्रिया के दौरान हो सकती हैं। IDEA के तहत अपने कानूनी अधिकारों को और अधिक समझने में सहायता के लिए, स्कूल हेतु विशेष शिक्षा प्रक्रिया में कई बार *प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों की नोटिस* (लिंक: fw.escapps.net) नामक दस्तावेज़ की एक प्रति देना अपेक्षित है। ये दस्तावेज़ आपको वर्ष में कम-से-कम एक बार और उस वक्त प्रदान करना ज़रूरी है जब निम्नलिखित में से कोई परिस्थिति उत्पन्न हो:

- आपके बच्चे के आरंभिक मूल्यांकन के लिए रेफ़रल या आपका अनुरोध प्राप्त होने पर;
- स्कूली वर्ष में पहली राज्य शिकायत प्राप्त होने पर;
- स्कूली वर्ष में नियत प्रक्रिया सुनवाई के लिए पहला अनुरोध प्राप्त होने पर;
- उस दिन जब प्लेसमेंट के अनुशासनिक बदलाव का निर्णय लिया जाता है; और
- आपके अनुरोध पर।

स्कूल को आपको TEA द्वारा तैयार किया गया *माता-पिता के लिए विशेष शिक्षा का अवलोकन* नाम के एक दस्तावेज़ भी उपलब्ध कराना होगा, जो आपको तब दिया जाएगा जब आपके बच्चे को विशेष शिक्षा मूल्यांकन के लिए प्रारंभिक रूप से संदर्भित किया जाता है।

टेक्सास में, विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के लिए बच्चे की पात्रता और बच्चे की विशेष शिक्षा कार्यक्रम के बारे में ज्यादातर फ़ैसले नामांकन, समीक्षा, और निष्कासन (**ARD**) समिति के द्वारा लिए जाते हैं। आप इस समूह को निजीकृत शिक्षा कार्यक्रम (**IEP**) टीम के रूप में संदर्भित करते हुए भी सुनेंगे, यह शब्दावली फ़ेडरल कानून में इस्तेमाल की जाती है। अगर आपके बच्चे के लिए ARD समिति का गठन किया जाता है तो आप उस समिति के एक सदस्य रहेंगे।

इस मार्गदर्शिका को फ़ेडरल या राज्य विशेष शिक्षा ज़रूरतों में कोई बदलाव होने पर आवधिक रूप से अद्यतन किया जाएगा। प्रिंट करने योग्य इलेक्ट्रॉनिक वर्ज़न रीजन 18 एजुकेशन सर्विस सेंटर के वेबपेज पर (लिंक: fw.escapps.net) में शिशु-केंद्रित विशेष शिक्षा प्रक्रिया के लिए कानूनी फ्रेमवर्क पर पाया जा सकता है।

विशेष शिक्षा प्रक्रिया में अनेक तारीखें और समय-सीमाएं होती हैं। इस पब्लिकेशन में, उन महत्वपूर्ण तारीखों और समय-सीमाओं का उल्लेख किया गया है। इसके अलावा, विशेष शिक्षा मूल्यांकन समय-सीमा के बारे में प्रश्नों के उत्तर देने में सहायता के लिए एक ऑनलाइन सहायक दस्तावेज़ भी मौजूद है। *विशेष शिक्षा पूर्ण और व्यक्तिगत प्रारंभिक मूल्यांकन (FIIE) समयरेखा* यहां मौजूद है (लिंक: https://bit.ly/3V5feWG)।

# नामांकन, समीक्षा, और निष्कासन प्रक्रिया हेतु माता-पिता के लिए मार्गदर्शिका

## आरंभिक बालपन हस्तक्षेप

ऐसे नवजातों और बच्चों के परिवारों के लिए सहायता उपलब्ध है जिनका विकास विलंबित है। टेक्सास में ये शुरुआती हस्तक्षेप सेवाएं प्रदान करने वाली एजेंसी है- टेक्सास का स्वास्थ्य और मानव सेवा आयोग। प्रत्येक शिशु के लिए चलाए जाने वाले कार्यक्रम को आरंभिक बालपन हस्तक्षेप (**ECI**) का नाम दिया गया है। ये सेवा तीन साल से कम आयु के बच्चों के लिए है।

तीन साल की आयु में, विकलांग बच्चे विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के योग्य हो सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो बच्चे के तीसरे जन्मदिन तक बच्चे को FAPE उपलब्ध कराने के लिए बच्चे का स्कूल डिस्ट्रिक्ट ज़िम्मेदार होता है। ECI सेवाएं प्राप्त करने वाले सभी बच्चे पब्लिक स्कूल की ओर से प्रदान की जाने वाली सेवाओं के योग्य नहीं होते। इसलिए, ECI सेवाएं प्राप्त करने वाले शिशु की उम्र तीन साल होने से कम से कम 90 कैलेंडर दिनों पहले, एक बैठक आयोजित की जाएगी ताकि अगर उपयुक्त हो तो ECI सेवाओं से विशेष शिक्षा और संबंधि सेवाओं में परिवर्तित होने वाले परिवार की सहायता की जा सके। अगर बच्चा योग्य पाया जाता है तो विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएं उस बच्चे के तीसरे जन्मदिन से उपलब्ध कराया जाना ज़रूरी है। *Beyond ECI* एक ऐसा प्रकाशन है जिसमें आरंभिक बालपन कार्यक्रम से विशेष शिक्षा में परिवर्तन के बारे में जानकारी होती है। ये प्रकाशन, *Beyond ECI,* यहां (लिंक: bit.ly/35G7y3E) पर देखा जा सकता है।

जन्म से 3 वर्ष की आयु तक के वे बच्चे जो बहरे, कम सुनने वाले या दृष्टिबाधित बच्चे के रूप में पात्रता पूरी करते हैं, उन्हें सरकारी स्कूल से ECI और विशेष शिक्षा सेवाएं दोनों प्राप्त करने का अधिकार है। सरकारी स्कूलों में विशेष शिक्षा सेवाएं इन बच्चों के लिए प्रारंभिक शिक्षा सेवाओं के प्रावधान को पूरक और समन्वित कर सकती हैं।

## तीन से पांच वर्ष के बच्चों के लिए सेवाएं (किंडरगार्टन में जाने से पहले)

तीन से पांच वर्ष की आयु के पात्र बच्चों के लिए भी सहायता मौजूद है, और उन सेवाओं को प्रारंभिक बाल्यावस्था विशेष शिक्षा (**ECSE**) सेवाएं कहा जाता है। इनमें से कुछ बच्चों को तीन वर्ष की आयु में सेवाएं मिलनी शुरू हो जाती हैं, जब वे ऊपर उल्लिखित ECI सेवाओं से बाहर निकल जाते हैं। हालांकि, अन्य का मूल्यांकन और पहचान अन्य संदर्भों के आधार पर की जाती है, जैसे कि माता-पिता द्वारा किया गया अनुरोध, जब वे अपने बच्चे की शिक्षा और विकास के बारे में चिंतित होते हैं। ECSE की सेवाएं विभिन्न वातावरणों में प्रदान की जाती हैं, और सीमित परिस्थितियों में, कुछ बच्चों को तीन और चार वर्ष की आयु में एक निजी स्कूल और एक सरकारी स्कूल में दोहरे नामांकन का अधिकार दिया जाता है।

## स्कूली-उम्र के बच्चे के लिए सहायता

अगर आप अपने स्कूली- वाले (कम से कम 5 वर्ष की आयु या अगर 5 वर्ष से कम आयु है तो किंडरगार्टन में प्रवेश) बच्चे की शिक्षा या व्यवहार के बारे में चिंतित हैं, तो पहला कदम है कि आप अपने बच्चे के शिक्षक या स्कूल प्रिंसिपल से अपनी चिंताओं के बारे में बात करें। अगर यह कदम असफ़ल होता है, तो आपको स्कूल के स्टाफ़ से कैम्पस-आधारित छात्र सहायता टीम के लिए रेफर के बारे में पूछना चाहिए, जो शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की एक टीम है जो कि बच्चों को सीखने या व्यवहार संबंधी किसी भी समस्या को दूर करने के लिए नियमित रूप से मिलते हैं।

सामान्य शिक्षा कक्षा में कठिनाई का सामना कर रहे छात्रों पर, पहली बार में सभी हस्तक्षेप और सहायता सेवाओं के लिए विचार किया जा सकता है या हस्तक्षेप और सहायता सेवाएँ लेने के बदले IDEA के तहत एक विशेष शिक्षा मूल्यांकन के लिए संदर्भित किया जा सकता है। अगर किसी छात्र को सामान्य शिक्षा कक्षा में हस्तक्षेप और सहायता सेवाओं के प्रावधान के साथ समस्याएं जारी रहती हैं या अगर छात्र की ज़रूरतों को केवल उन हस्तक्षेपों और सहायता सेवाओं के प्रावधान से पूरा नहीं किया जा सकता है, या किसी भी समय स्कूल को संदेह होता है या संदेह करने का कारण होता है कि छात्र में विकलांगता है और विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं की संभावित आवश्यकता है, तो स्कूल को IDEA के तहत छात्र को पूर्ण और प्रारंभिक व्यक्तिगत मूल्यांकन के लिए रेफ़र करना होगा। किसी छात्र

को पूर्ण व्यक्तिगत और प्रारंभिक मूल्यांकन के लिए रेफ़र करने से पहले उसे किसी निश्चित समय तक हस्तक्षेप और सहायता सेवाएं प्रदान करना ज़रूरी नहीं है। पूर्ण व्यक्तिगत और प्रारंभिक मूल्यांकन के लिए रेफ़रल या अनुरोध किसी भी समय स्कूल के कर्मचारियों, छात्र के माता-पिता या कानूनी अभिभावक, या छात्र की शिक्षा या देखभाल से जुड़े अन्य लोगों द्वारा किया जा सकता है।

## हस्तक्षेप की प्रतिक्रिया सहित, समर्थन की बहु-स्तरीय प्रणाली

हरेक स्कूल को हस्तक्षेप और सहायता सेवाओं के संबंध में बहु-स्तरीय सहायता प्रणाली (**MTSS**) संचालित करनी होगी, जिसमें शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक सहायता, जैसे व्यवहारिक सहायता शामिल है। हस्तक्षेप पर प्रतिक्रिया (**RtI**) MTSS में कई स्कूलों द्वारा उपयोग किया जाने वाला दृष्टिकोण है। RtI दृष्टिकोण के बुनियादी तत्व हैं: सामान्य कक्षा शिक्षा क्लासरूम में वैज्ञानिक, अनुसंधान-आधारित निर्देश एवं हस्तक्षेप का प्रावधान; हस्तक्षेपों के प्रति प्रतिक्रिया में बच्चे की प्रगति की निगरानी और मापन; और शैक्षिक निर्णयों के लिए इन मापनों का उपयोग करना।

MTSS के एक ह्स्से के रूप में RtI दृष्टिकोण वह है, जिसमें प्रत्येक स्तर हस्तक्षेप के गहन स्तर में वृद्धि को दर्शाता है। बच्चे को प्रदान किए गए हस्तक्षेपों को निगरानी की जा रही निरंतर प्रगति के आधार पर कम या अधिक किया जाएगा जब तक कि बच्चा पर्याप्त रूप से प्रगति नहीं कर ले। ऐसे बच्चे जो अनुसंधान द्वारा बताए गए उचित समय अवधि के भीतर आरंभिक हस्तक्षेप पर कोई प्रतिक्रिया नहीं करते हैं, उन्हें अधिक गहन हस्तक्षेप के लिए भेजा जाता है। अक्सर, अगले चरणों में (जैसे, हस्तक्षेप जारी रखें, हस्तक्षेप तेज़ करें, मूल्यांकन के लिए भेजें ) निर्णय लेने के लिए छह सप्ताह के हस्तक्षेप के बाद आपके स्कूल में पर्याप्त डेटा होगा । निर्णय लेने की समय-सीमा हस्तक्षेप की आवृत्ति/अवधि और लक्षित कौशल पर निर्भर करती है।

किसी बच्चे को विशेष शिक्षा के लिए भेजे जाने से पहले RtI सिस्टम के प्रत्येक स्तर को पूरा करने की ज़रूरत नहीं होती है। जब यह स्पष्ट हो जाता है कि सामान्य शिक्षा हस्तक्षेप पर्याप्त नहीं है तब स्कूल के स्टाफ़ को संदेह करना चाहिए कि बच्चा विकलांग है और रेफ़रल की पहल करनी चाहिए। अगर सामान्य शिक्षा के हस्तक्षेप पर्याप्त हैं, तो यह निर्धारित करने के महत्वपूर्ण विचार में हस्तक्षेप इतिहास की समीक्षा और छात्र की प्रगति की निगरानी का डेटा (प्रगति की मौजूदा दर और उपलब्धि अंतराल को कम करने की दिशा में गति ) शामिल हैं। माता-पिता किसी भी समय रेफ़रल का अनुरोध कर सकते हैं, भले ही बच्चा RtI सिस्टम के तहत हस्तक्षेप प्राप्त कर रहा हो। IDEA के तहत विकलांगता का संदेह होने वाले बच्चे के समय पर मूल्यांकन में विलंब या इनकार करने लिए RtI रणनीतियों का उपयोग नहीं किया जा सकता है। RtI प्रक्रिया के बारे में और ज़्यादा जानकारी (लिंक: bit.ly/3nDMTDu)पर प्राप्त की जा सकती है।

## एक आरंभिक मूल्यांकन के लिए रेफ़रल

यह स्कूल का सकारात्मक कर्तव्य है कि आपकी सहमति प्राप्त करें और विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं का आरंभिक मूल्यांकन उस समय संचालित करें जब उसे यह संदेह हो कि आपका बच्चा विकलांग है और IDEA के अंतर्गत विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं की ज़रुरत है। आप किसी भी समय अपने बच्चे के प्रारंभिक मूल्यांकन का अनुरोध कर सकते हैं।

अगर आप किसी स्थानीय शैक्षिक एजेंसी (**LEA's**) में विशेष शिक्षा सेवाओं के निदेशक या किसी जिला प्रशासनिक अधिकारी, जैसे कि कैंपस के प्रधानाचार्य, को विशेष शिक्षा पात्रता के प्रारंभिक मूल्यांकन के लिए लिखित अनुरोध प्रस्तुत करते हैं, तो स्कूल को अनुरोध प्राप्त होने की तारीख से 15वें स्कूली दिन से पहले आपको निम्नलिखित जानकारी प्रदान करनी होगी: 1) मूल्यांकन करने के आपके प्रस्ताव की पूर्व लिखित सूचना, *प्रक्रियात्मक सुरक्षा के नोटिस* की एक प्रति (लिंक: fw.escapps.net) , TEA द्वारा बनाए गए *माता-पिता के लिए विशेष शिक्षा के अवलोकन* की एक प्रति, और मूल्यांकन के लिए लिखित सहमति देने का अवसर; या 2) आपके बच्चे का मूल्यांकन करने से इनकार करने की पूर्व लिखित सूचना, *प्रक्रियात्मक सुरक्षा के नोटिस* की एक प्रति (लिंक: fw.escapps.net), और TEA द्वारा बनाए गए *माता-पिता के लिए विशेष शिक्षा के अवलोकन* फ़ॉर्म की एक प्रति। जब कोई स्कूल मूल्यांकन के लिए रेफ़रल शुरू करता है, तो स्कूल को आपको यह जानकारी भी देनी होगी।

कृपया ध्यान दें कि विशेष शिक्षा मूल्यांकन के लिए अनुरोध मौखिक रूप से किया जा सकता है और इसके लिए लिखित में देने की ज़रूरत नहीं है। डिस्ट्रिक्ट और चार्टर स्कूलों को सभी फ़ेडरल नोटिस अपेक्षाओं और ऐसे बच्चों की पहचान करने, पता लगा कर मूल्यांकन करने की अपेक्षाओं का अनुपालन करना चाहिए जो विकलांग हो सकते हैं और उन्हें विशेष शिक्षा की ज़रूरत है। मौखिक अनुरोधों का जवाब देने के लिए एक विशिष्ट समयरेखा की ज़रुरत नहीं है, लेकिन स्कूलों को उपरोक्त वर्णित 15-स्कूल-दिवस के समय

का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

## पूर्व लिखित नोटिस

IDEA के तहत आपके अधिकारों में से एक है स्कूल द्वारा वास्तव में कोई कार्रवाई किए जाने या कार्रवाई किए जाने से इनकार करने से पहले अपने बच्चे से संबंधित कुछ कार्यों या नीलामी के बारे में पूर्व लिखित सूचना प्राप्त करना। विशेष रूप से, आपको स्कूल के द्वारा आपकी मूल भाषा या संचार के अन्य माध्यमों से पूर्व लिखित सूचना दी जानी चाहिए, जब वहः

- आपके बच्चे की पहचान, मूल्यांकन, शैक्षिक कार्यक्रम या शैक्षिक प्लेसमेंट या आपके बच्चे के लिए FAPE के प्रावधान (विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के निरंतर प्रावधान के लिए सहमति को आपके द्वारा वापस लेने से प्रेरित परिवर्तन सहित) को शुरू करने या बदलने का प्रस्ताव करता है; या
- आपके बच्चे की पहचान, मूल्यांकन, शैक्षिक कार्यक्रम या शैक्षिक प्लेसमेंट या आपके बच्चे के लिए FAPE के प्रावधान को शुरू करने या बदलने से इनकार करता है।

स्कूल के द्वारा कोई कार्रवाई प्रस्तावित या इनकार करने के कम से कम पांच स्कूली दिन पहले पूर्व लिखित नोटिस देना ज़रूरी है, जब तक कि आप किसी छोटी अवधि के लिए सहमत न हों। स्कूल के द्वारा आपको पूर्व लिखित नोटिस देना ज़रूरी है चाहे आप परिवर्तन के लिए अनुरोध किए हों या सहमत हों या नहीं हो।

एक पूर्व लिखित नोटिस में निम्नलिखित जानकारी शामिल होनी चाहिए।

(1) स्कूल द्वारा प्रस्तावित या इनकार की गई कार्रवाई का विवरण;
(2) स्पष्टीकरण कि क्यों स्कूल कार्रवाई करने का प्रस्ताव रखता है या कार्रवाई करने से इनकार करता है;
(3) प्रस्तावित या अस्वीकृत कार्रवाई के आधार के रूप में प्रयुक्त स्कूल का मूल्यांकन प्रक्रिया, मूल्यांकन, रिकॉर्ड या रिपोर्ट का विवरण;
(4) एक बयान कि विकलांग बच्चे के माता-पिता को इस हिस्से के प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों के तहत संरक्षण मिला हुआ है और, अगर यह नोटिस मूल्यांकन के लिए प्रारंभिक रेफ़रल नहीं है, तो माध्यम जिसके द्वारा प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों के विवरण की एक प्रति प्राप्त की जा सकती है;
(5) विशेष शिक्षा आवश्यकताओं को समझने में सहायता प्राप्त करने के लिए माता-पिता से संपर्क करने के स्रोत:
(6) ARD समिति ने जिन अन्य विकल्पों पर विचार किया और जिन कारणों से उन विकल्पों को अस्वीकार कर दिया, उसका विवरण ; तथा
(7) स्कूल के प्रस्ताव या इनकार के लिए प्रासंगिक अन्य कारकों का विवरण।

## माता-पिता की सहमति

विशेष शिक्षा प्रक्रिया में कुछ ऐसी गतिविधियां हैं, जो तब तक नहीं हो सकती हैं जब तक कि स्कूल आपकी सहमति नहीं लेता। स्कूल के द्वारा आपको प्रस्तावित गतिविधि का वर्णन सहित, सभी जानकारी देना ज़रूरी है जो एक अच्छा निर्णय लेने में सक्षम होने के लिए आवश्यक है।

यह जानकारी आपकी मूल भाषा में या संवाद के अन्य माध्यम में होना चाहिए, जब तक कि इस तरह से जानकारी देना स्पष्ट रूप से संभव न हो। अगर ऐसे रिकॉर्ड हैं जिन्हें जारी किया जाना है तो स्कूल रिकॉर्ड्स की सूची बनाएगा और बताएगा कि उन्हें किसे जारी किया जाएगा।

जब आप सहमति देते हैं, तो इसका मतलब है कि आप उस गतिविधि को समझते हैं तथा उसके लिए स्कूल को लिखित सहमति दे रहे हैं जिसके लिए आपकी सहमति मांगी गई है। ये ज़रूरी है कि आप समझते हैं कि सहमति स्वैच्छिक है और गतिविधि होने से पहले किसी भी समय इसे वापस लिया जा सकता है। हालांकि, अगर आप किसी गतिविधि के लिए सहमति वापस लेते हैं, तो यह पूर्वव्यापी नहीं होती है।

उन गतिविधियों के उदाहरण निम्नलिखित हैं जिनके लिए आपकी सहमति ज़रूरी है:

- पहली बार आपके बच्चे का मूल्यांकन करना;
- हर तीन साल में एक बार आपके बच्चे का पुनर्मूल्यांकन, या बार-बार पुनर्मूल्यांकन करना, अगर और ज़्यादा जानकारी चाहिए, तो आप या आपके बच्चे का शिक्षक पुनर्मूल्यांकन का अनुरोध करना;
- पहली बार विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएं प्रदान करना;
- ARD समिति की बैठक में ARD समिति के किसी सदस्य को भाग लेने के लिए अनुमति जब बैठक में पाठ्यक्रम या संबंधित सेवाओं के सदस्य क्षेत्र में संशोधन करने या उस पर चर्चा शामिल होती है; तथा
- भागीदारी करने वाली किसी एजेंसी के प्रतिनिधि को आमंत्रित करना जिसके माध्यमिक रूपांतरण सेवाओं के लिए भुगतान करने या उन्हें प्रदान करने के लिए ज़िम्मेदार होने की संभावना है।

## मूल्यांकन प्रक्रिया

अगर आप पूर्ण और व्यक्तिगत मूल्यांकन (**FIIE**) के लिए अपनी सहमति देते हैं, तो स्कूल को अपने द्वारा आयोजित की जाने वाली किसी भी मूल्यांकन प्रक्रिया की पूर्व लिखित सूचना देनी होगी। स्कूल को आपके बच्चे के बारे में प्रासंगिक कार्यात्मक, विकासात्मक और शैक्षणिक जानकारी इकट्ठा करने के लिए विभिन्न प्रकार के मूल्यांकन उपकरण और रणनीतियों को काम में लेना चाहिए, जिसमें आपके द्वारा दी गई जानकारी भी शामिल हो। आपके बच्चे का स्कूल किसी भी उपाय या मूल्यांकन का उपयोग यह निर्धारित करने के लिए नहीं कर सकता है कि आपका बच्चा विकलांग है या आपके बच्चे के लिए उपयुक्त शैक्षिक कार्यक्रम निर्धारित करने के लिए है। आपका बच्चा विकलांग है या नहीं और उसकी शैक्षणिक आवश्यकताओं को निर्धारित करने के लिए आपके विद्यालय को संदिग्ध विकलांगता से संबंधित सभी क्षेत्रों में आपके बच्चे का मूल्यांकन करना चाहिए। आपके बच्चे की मूल्यांकन प्रक्रिया में निम्नलिखित होना ज़रूरी है:

- आपके बच्चे के अकादमिक, विकासात्मक और कार्यात्मक प्रदर्शन के बारे में जानकारी शामिल होनी चाहिए;
- परीक्षण निर्माता के निर्देशों के अनुसार प्रशिक्षित और जानकार कर्मियों द्वारा संचालित की जाए और उन उद्देश्यों के लिए संचालित किया जाए जिनके लिए मूल्यांकन वैध और विश्वसनीय हो;
- आपके बच्चे की मूल भाषा या संचार के अन्य माध्यम में संचालित की जाए जब तक स्पष्ट रूप से ऐसा करना संभव न हो; और
- निष्पक्ष हो या इस तरह से दी जाए जिससे आपके बच्चे के साथ कोई भेदभाव नहीं हो, चाहे उसकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, नस्ल या विकलांगता किसी भी प्रकार की क्यों न हो।

मूल्यांकन में शामिल प्रशिक्षित और विशेषज्ञ कार्मिक संदिग्ध विकलांगता के आधार पर अलग-अलग होंगे। अगर डिस्लेक्सिया या इससे संबंधित विकार का संदेह हो, तो पढ़ने की प्रक्रिया, डिस्लेक्सिया और इससे संबंधित विकारों तथा डिस्लेक्सिया निर्देश के बारे में विशिष्ट ज्ञान रखने वाले किसी व्यक्ति को मूल्यांकन में शामिल किया जाएगा। इस्के अलावा, मूल्यांकन में टेक्सास स्टेट बोर्ड ऑफ एजुकेशन की डिस्लेक्सिया हैंडबुक (लिंक: https://bit.ly/3Z5uXrt)और 19 टेक्सास एडमिनिस्ट्रेटिव कोड (TAC) §74.28 (लिंक: https://bit.ly/3YQcWMeमें ज़रूरी क्षेत्र शामिल होने चाहिए।

प्रारंभिक मूल्यांकन और उसके फ़लस्वरूप प्राप्त रिपोर्ट स्कूल की लिखित सहमति प्राप्त होने की तारीख से 45 स्कूली दिनों के भीतर पूरी करना अनिवार्य है। हालांकि, अगर आपका बच्चा मूल्यांकन अवधि के दौरान स्कूल के तीन या ज़्यादा स्कूली दिनों से अनुपस्थित रहा हो, तो मूल्यांकन अवधि को उतने स्कूली दिनों के लिए विस्तारित करना होगा जितने दिन आपका बच्चा अनुपस्थित रहा है। पात्रता निर्धारित करने के लिए स्कूल को रिपोर्ट पूरी होने के बाद जितनी जल्दी हो सके, मूल्यांकन रिपोर्ट की एक प्रति आपको निःशुल्क देनी होगी, लेकिन आपके बच्चे की प्रारंभिक ARD समिति की बैठक से पांच स्कूली दिनों से पहले।

अगर आपका बच्चा स्कूली वर्ष के 1 सितंबर तक पांच साल से कम है और सार्वजनिक स्कूल या किसी निजी या होम स्कूल सिटिंग में नामांकन नहीं हुआ है, चाहे उसकी उम्र कितनी भी क्यों न हो, तो आपकी लिखित सहमति प्राप्त होने की तारीख से 45वें स्कूली दिन से पहले आरंभिक मूल्यांकन और इसके फ़लस्वरूप रिपोर्ट पूरा करना स्कूल के लिए ज़रूरी है।

45-स्कूली-दिनों की समय-सीमा में एक अपवाद है। अगर आरंभिक मूल्यांकन के लिए स्कूल को आपका अनुरोध स्कूली वर्ष के निर्देश के अंतिम दिन से कम-से-कम 35 दिनों पहले लेकिन 45 दिनों से कम दिन पहले प्राप्त होता है तो उस वर्ष की 30 जून तक लिखित मूल्यांकन रिपोर्ट का पूरा करना और आपको दिया जाना ज़रूरी है। हालांकि, अगर आपका बच्चा मूल्यांकन अवधि के दौरान तीन या

ज़्यादा दिनों तक स्कूल से अनुपस्थित रहता है तो 30 जून की नियत तारीख लागू नहीं होती है। इसके बदले, 45 स्कूली दिनों की सामान्य समय-सीमा और तीन या ज़्यादा दिनों की अनुपस्थिति के लिए उतने दिनों का विस्तार दिया जाएगा। अगर स्कूल को स्कूल वर्ष के अंतिम शिक्षण दिन से कम से कम 35 स्कूली दिनों से पहले आपकी सहमति प्राप्त होती है, तो 45 स्कूल दिन की सामान्य 45 समय-सीमा लागू होगी, तथा मूल्यांकन अवधि के दौरान तीन या ज़्यादा अनुपस्थिति के लिए समान विस्तार होगा।

अगर आप आरंभिक मूल्यांकन के लिए सहमति नहीं देते हैं तो स्कूल मध्यस्थता या उचित प्रक्रिया सुनवाई के लिए अनुरोध करके मूल्यांकन करा सकता है लेकिन ऐसा करना ज़रूरी नहीं है। अगर स्कूल मूल्यांकन नहीं करने का निर्णय लेता है तो स्कूल IDEA के तहत विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं की जरूरत वाले विकलांग बच्चों की पहचान करने, स्थान निर्धारण करने और उनका मूल्यांकन करने की ज़रुरत का उल्लंघन नहीं करता है। इस अपेक्षा को स्कूल की *चाइल्ड फ़ाइंड ड्यूटी* कहा जाता है।

## नामांकन, समीक्षा, और निष्कासन (ARD) समिति की बैठकें

आरंभिक मूल्यांकन रिपोर्ट पूरी होने की तारीख से तीस कैलेंडर दिनों के अंदर, रिपोर्ट पर विचार करने और ये निर्धारित करने के लिए कि आपका बच्चा विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के लिए पात्र है या नहीं, एक ARD समिति का गठन किया जाना चाहिए। ARD समिति के सदस्यों में निम्नलिखित शामिल होते हैं:

- माता-पिता, यानी आप;
- बच्चे का कम-से-कम एक सामान्य शिक्षण अध्यापक, जिसे यथासंभव ऐसा शिक्षक होना चाहिए जो बच्चे के IEP के पोर्शन के क्रियान्वयन के लिए ज़िम्मेदार हो;
- बच्चे का कम-से-कम एक विशेष शिक्षा अध्यापक या प्रदाता;
- स्कूल का एक प्रतिनिधि;
- ऐसा व्यक्ति जो मूल्यांकन के परिणामों के निर्देशात्मक प्रभावों की व्याख्या कर सके;
- अन्य व्यक्ति जिन्हें बच्चे के बारे में जानकारी हो या विशेष अनुभव हो और उन्हें आपके द्वारा या स्कूल के द्वारा आमंत्रित किया जाए;
- जब कभी उचित हो, बच्चा;
- जहाँ तक उपयुक्त हो, आपके अथवा आपके बच्चे के 18 वर्ष की आयु तक पहुंच जाने पर, आपके वयस्क बच्चे की लिखित सहमति से, भागीदारी करने वाली किसी एजेंसी का प्रतिनिधि जो रूपांतरण सेवाएं प्रदान करने के लिए भुगतान करने या प्रदान करने के लिए ज़िम्मेदार होने की संभावना हो;
- अगर करियर या तकनीकी शिक्षा में आरंभिक या निरंतर प्लेसमेंट के लिए बच्चे पर विचार किया जा रहा है तो करिअर या तकनीकी शिक्षा से एक प्रतिनिधि जिसके लिए अध्यापक को प्राथमिकता दी जाए; और
- अगर बच्चे की पहचान नए द्विभाषी के रूप में की जाती है, तो भाषा प्रवीणता मूल्यांकन समिति में एक पेशेवर स्टाफ़ सदस्य की नियुक्ति की जाएगी।

ARD समिति में, अगर लागू हो तो इन्हें भी शामिल किया जाए:

- अगर बच्चा गूंगा या श्रवण समस्या से घोषित रूप में ग्रसित या संभावित है तो एक ऐसा अध्यापक जो गूंगे या श्रवण समस्या से ग्रस्त बच्चों की शिक्षा में प्रमाणित हो;
- अगर बच्चा दृष्टि संबंधी समस्या से ग्रसित या संभावित है तो एक ऐसा अध्यापक जो दृष्टिबाधित बच्चों की शिक्षा में प्रमाणित हो; या
- अगर बच्चा गूंगा या श्रवण समस्या से घोषित रूप में ग्रसित या संभावित है तो एक ऐसा अध्यापक जो श्रवण समस्या से ग्रस्त बच्चों की शिक्षा में प्रमाणित हो और एक ऐसा अध्यापक जो दृष्टिबाधित बच्चों की शिक्षा में प्रमाणित हो; या
- एक पेशेवर जो TEC, §29.0031(b), और 19 TAC §74.28 की शर्तों को पूरा करता है, जिसमें डिस्लेक्सिया हैंडबुक भी शामिल है, अगर छात्र में डिस्लेक्सिया मौजूद होने का संदेह हो या उसकी पहचान की गई है।

आपके बच्चे के लिए ARD समिति की प्रत्येक बैठक में आपको आमंत्रित करना और माता-पिता दोनों या किसी एक की भागीदारी सुनिश्चित करने की कोशिश करना स्कूल के लिए ज़रूरी है। बैठक होने से कम-से-कम पांच स्कूली दिनों पहले स्कूल के द्वारा आपको बैठक की लिखित सूचना देना ज़रूरी है अगर इससे कम समय-सीमा के लिए आप सहमत नहीं हों। लिखित सूचना में बैठक का उद्देश्य, समय, स्थान बताना और बैठक में भाग लेने वालों की सूची देना ज़रूरी है। अगर आप अंग्रेज़ी बोलने में सक्षम नहीं हैं, तो स्कूल द्वारा तब तक आपकी मूल भाषा में नोटिस देना ज़रूरी है जब तक कि ऐसा करना स्पष्ट रूप से संभव नहीं हो। अगर आपकी मूल भाषा एक

लिखित भाषा नहीं है तो स्कूल के लिए ये पक्का करने के लिए कदम उठाना ज़रूरी है कि नोटिस का मौखिक या अन्य माध्यम से अनुवाद किया जाए ताकि आप नोटिस की विषय-वस्तु को समझ सकें।

ARD समिति की बैठक ऐसे समय और स्थान पर होनी चाहिए जिसके लिए आप और स्कूल सहमत हों। अगर स्कूल द्वारा प्रस्तावित समय या तारीख आपके लिए सुविधाजनक नहीं है, तो स्कूल को ऐसा समय तय करने के लिए उचित कोशिश करनी चाहिए जब आप उपलब्ध हो सकें। अगर माता-पिता में कोई भी बैठक में भाग नहीं ले सकता है तो आप वैकल्पिक माध्यमों जैसे टेलीफ़ोन या वीडियो कॉन्फ़्रेंस के ज़रिये भाग ले सकते हैं। अगर स्कूल आपको उपस्थित होने के लिए समझाने में असमर्थ होता है, तो स्कूल आपके बिना बैठक आयोजित कर सकता है।

ARD समिति के किसी सदस्य को ARD समिति की बैठक के किसी भाग में या सभी बैठकों में शामिल होने से छूट दी जा सकती है, जब व्यक्ति की उपस्थिति ज़रूरी नहीं होती है क्योंकि उस व्यक्ति के पाठ्यक्रम या संबंधित सेवा के क्षेत्र को बैठक में संशोधित या उस पर चर्चा नहीं की जा रही है। ऐसी छूट के लिए आपको लिखित रूप में सहमति देना ज़रूरी है।

ARD समिति के एक सदस्य को ARD समिति की बैठक में भाग लेने की भी छूट दी जा सकती है जब बैठक में सदस्य के पाठ्यक्रम या संबंधित सेवा के क्षेत्र में संशोधन, या चर्चा शामिल हो, अगर आप और स्कूल उस व्यक्ति को छूट देने के लिए लिखित सहमति देते हैं और छूट पाने वाला व्यक्ति बैठक से पहले IEP विकसित करने के लिए लिखित इनपुट देता है।

## पात्रता

यह निर्धारित करने के लिए कि आपका बच्चा विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के लिए पात्र है या नहीं, दो-भागीय परीक्षण है: (1) आपके बच्चे में IDEA के अंतर्गत योग्य विकलांगता होनी चाहिए; और (2) विकलांगता के परिणामस्वरूप, आपके बच्चे को शिक्षा से लाभ उठाने के लिए विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं की आवश्यकता होनी चाहिए। पात्रता के लिए दो-भाग वाली जांच का पहला भाग पूरा करने के लिए बच्चे की उम्र 3 से 21 साल के बीच होनी चाहिए, जो नीचे दिए गए कोष्ठक में उल्लिखित है, को एक या अधिक विकलांगता श्रेणियों के मानदंडों को पूरा करना चाहिए:

- ऑटिज्म;
- गूंगापन या श्रवण समस्या (जन्म से 21 साल की उम्र);
- बधिर-दृष्टिबाधित (जन्म से 21 साल की उम्र);
- भावनात्मक विकलांगता;
- बौद्धिक विकलांगता;
- एकाधिक विकलांगता;
- गैर-श्रेणीकृत आरंभिक बालपन (तीन से पांच साल की उम्र);
- विकासात्मक विलम्ब (3 से 9 वर्ष की उम्र)**;
- ऑर्थोपेडिक समस्या;
- स्वास्थ्य की अन्य समस्याएं;
- विशिष्ट अध्ययन विकलांगता;
- भाषण या भाषा की समस्या;
- मस्तिष्क की चोट; या
- दृष्टि संबंधी समस्या (जन्म से 21 साल की उम्र)।

*गैर-श्रेणीकृत प्रारंभिक बाल्यावस्था का उपयोग 2025-2026 स्कूल वर्ष से शुरू नहीं किया जाएगा।
**विकासात्मक विलंब के अंतर्गत पात्रता की शुरुआत 2024-2025 स्कूल वर्ष से की जा सकती है।

ARD समिति के द्वारा आरंभिक मूल्यांकन रिपोर्ट पूरा होने की तारीख से 30 कैलेंडर दिनों के भीतर पात्रता निर्धारित करने का फ़ैसला लेना ज़रूरी है। अगर 30वां दिन गर्मियों के दौरान आता है जब स्कूल बंद हो तो ARD समिति के पास आरंभिक पात्रता निर्धारण, IEP, और प्लेसमेंट के निर्णय को अंतिम रूप देने के लिए शरद ऋतु के 15वें स्कूली दिन तक का समय होता है; जब तक कि आरंभिक मूल्यांकन से यह नहीं पता चलता हो कि बच्चे को गर्मियों के दौरान विस्तारित स्कूली वर्ष (**ESY**) सेवाओं की ज़रूरत है। अगर ESY सेवाओं की पहचान की जाती है, तो मूल्यांकन रिपोर्ट पूरी होने के बाद ARD समिति को जितनी जल्दी हो सके, बैठक करनी चाहिए।

अध्ययन में संघर्ष करने वाला हर बच्चा विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के लिए पात्र नहीं होता है। अगर आपका बच्चा मुख्य रूप से पढ़ने या गणित में उचित निर्देश की कमी के कारण संघर्ष कर रहा है या इस तथ्य के कारण कि अंग्रेज़ी में आपके बच्चे की प्रवीणता सीमित है तो आपके बच्चे को IDEA के तहत विकलांग बच्चे के लिए निर्धारित नहीं होना चाहिए। अगर मूल्यांकन से पता चलता है कि आपका बच्चा विकलांगता से ग्रस्त नहीं है, तो अकादमिक और व्यवहारिक सहायता टीम की कैम्पस-आधारित बहु-स्तरीय प्रणाली और आपके बच्चे की सहायता के लिए सामान्य शिक्षा के अन्य सेवाओं या कार्यक्रमों की सिफ़ारिश कर सकती है।

अगर मूल्यांकन से पता चलता है कि आपका बच्चा विकलांगता से ग्रस्त है, तो ARD समिति यह निर्धारित करके दो-भाग वाली पात्रता जांच के दूसरे भाग का समाधान करेगी कि क्या आपके बच्चे को सामान्य शिक्षा पाठ्यक्रम (यानी, वही पाठ्यक्रम जो गैर विकलांग बच्चों के लिए है) में शामिल होने और प्रगति करने के लिए विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं की ज़रुरत है।

### सेवाओं का प्रारंभिक प्रावधान

अगर आपका बच्चा विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के लिए योग्यता रखता है, तो स्कूल द्वारा आपके बच्चे को कम से कम प्रतिबंधात्मक वातावरण में FAPE के साथ प्रदान करना ज़रूरी है। यह ARD समिति द्वारा IEP विकसित करने और IEP को स्कूल के द्वारा लागू करने के ज़रिये पूरा किया जाता है। इससे पहले कि स्कूल आरंभिक विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएं प्रदान कर सके; हालांकि, सेवाओं के लिए आपकी सहमति प्राप्त करना ज़रूरी है। सेवाओं के आरंभिक प्रावधान के लिए आपकी सहमति प्राप्त करने के लिए स्कूल को उचित प्रयास करना चाहिए। अगर आप सेवाओं के शुरुआती प्रावधान के लिए सहमति नहीं देते हैं, तो स्कूल मध्यस्थता के लिए नहीं कह सकता है या सेवाओं के लिए सहमति देने से आपके इनकार को निरस्त करने के लिए उचित प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध नहीं करेगा। अगर आप सहमति से इनकार करते हैं तो कोई भी विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएं प्रदान नहीं की जाएंगी। अगर आप सहमति से इनकार करते हैं या विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के प्रारंभिक प्रावधान के लिए सहमति देने के अनुरोध का जवाब देने में विफल रहते हैं तो स्कूल आपके बच्चे को FAPE उपलब्ध कराने के अपने कर्तव्य का उल्लंघन नहीं करता है।

## वैयक्तिकृत शिक्षा कार्यक्रम का विकास (IEP)

IEP के मुख्य घटकों में शामिल हैं:

- आपके बच्चे की अकादमिक उपलब्धि और कार्यात्मक प्रदर्शन का वर्तमान स्तर (**PLAAFP**);
- मापन योग्य वार्षिक लक्ष्य; जिसमें अकादमिक उपलब्धि और क्रियात्मक प्रदर्शन लक्ष्य शामिल हैं;
- दी जाने वाली विशेष शिक्षा, संबंधित सेवाओं और अनुपूरक साधनों और सेवाओं का विवरण;
- इस बारे में जानकारी कि आपका बच्चा राज्य और जिला मूल्यांकन में किस प्रकार भाग लेगा, जिसमें आपके बच्चे के प्रदर्शन के लिए ज़रूरी किसी भी व्यक्तिगत उपयुक्त संशोधन का विवरण शामिल होगा। मूल्यांकन, क्या आपके बच्चे को नियमित राज्यव्यापी मूल्यांकन के बजाय वैकल्पिक मूल्यांकन की ज़रुरत है, और आपके बच्चे के लिए वैकल्पिक मूल्यांकन क्यों उपयुक्त है;
- रूपांतरण सेवाएं जब उम्र के लिए उपयुक्त हों; और
- अन्य क्षेत्रों पर विचार किया जाना चाहिए, और अगर ज़रूरी हो, तो कुछ विकलांग, ज़रूरतों या परिस्थितियों वाले बच्चों के लिए संबोधित किया जाना चाहिए।

TEA ने एक मॉडल IEP फ़ॉर्म बनाया है जो (लिंक: bit.ly/3smMLMe) पर उपलब्ध है। आपके बच्चे का स्कूल इस मॉडल का या किसी दूसरे तरीके का उपयोग कर सकता है।

IEP बनाने में कई बातें होती हैं जिन पर ARD समिति विचार करती है, जिसमें शामिल हैं:

- आपके बच्चे की क्षमता;
- आपके बच्चे की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए आपकी चिंताएं;
- आपके बच्चे के सबसे हालिया मूल्यांकन के परिणाम; और
- आपके बच्चे की अकादमिक, विकासात्मक और कार्यात्मक ज़रूरतें।

इसके अलावा, ARD समिति कुछ बच्चों के लिए विशेष कारकों का समाधान करेगी, जो इस प्रकार हैं:

- जब बच्चे का व्यवहार बच्चे के शिक्षण या दूसरों के लिए बाधा बने; तब उस व्यवहार में सुधार लाने के लिए सकारात्मक व्यवहारगत हस्तक्षेपों तथा समर्थनों, एवं अन्य कार्यनीतियों के उपयोग पर विचार करेगी;
- जब बच्चा नए द्विभाषी वाले बच्चे के रूप में पात्र होता है तब बच्चे की भाषा संबंधी ज़रूरतों पर विचार करेगी क्योंकि ये जरूरतें बच्चे के IEP से जुड़ी होती हैं; जब बच्चा अंधा या दृष्टिबाधित होता है तब निर्देश ब्रेल में देगी और ब्रेल का इस्तेमाल करेगी, जब तक कि समिति यह निर्धारित नहीं करती है कि बच्चे के लिए बेल में निर्देश देना या ब्रेल का उपयोग उचित नहीं है;
- विकलांग बच्चे की संचार संबंधी ज़रूरतों पर विचार करेगी, और बधिर या सुनने में समस्या वाले बच्चों के लिए उसकी भाषा और संचार संबंधी ज़रूरतों पर विचार करेगी, साथियों और पेशेवर कर्मियों के साथ सीधे संवाद के लिए बच्चे की भाषा और संचार माध्यम, अकादमिक स्तर और आवश्यकताओं की पूरी रेंज, जिसमें बच्चे की भाषा और संचार माध्यम में प्रत्यक्ष निर्देश के अवसर शामिल हैं;
- विचार करेगी कि क्या हर बच्चे को सहायक तकनीकी उपकरणों और सेवाओं की ज़रूरत है; और
- अगर ज़रूरी हो तो उस छात्र के लिए डिस्लेक्सिया मैनुअल के ज़रूरी घटकों पर चर्चा करें, जिसे डिस्लेक्सिया से पीड़ित पाया गया है और जिसे डिस्लेक्सिया संबंधी निर्देश की आवश्यकता है।

## अकादमिक उपलब्धि और कार्यात्मक प्रदर्शन का वर्तमान स्तर

IEP में आपके बच्चे के PLAAFP का कथन होना ज़रूरी है। इस कथन में यह शामिल होना चाहिए कि विकलांगता किस प्रकार सामान्य पाठ्यक्रम में भागीदारी और प्रगति को प्रभावित करता है। अगर आपका बच्चा प्री-स्कूल का बच्चा है, तो बयान में यह ज़रूर स्पष्ट होना चाहिए कि विकलांगता आयु-उपयुक्त गतिविधियों को कैसे प्रभावित करता है।

## वार्षिक लक्ष्य

IEP में विकलांगता के कारण बच्चे की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया मापने योग्य वार्षिक लक्ष्य जिसमें अकादमिक और क्रियात्मक लक्ष्य शामिल हैं, होना ज़रूरी है ताकि वह सामान्य पाठ्यक्रम में शामिल हो सके और प्रगति कर सके। इन लक्ष्यों से अन्य शैक्षिक ज़रूरतों का भी समाधान होना चाहिए जो बच्चे की विकलांगता के फ़लस्वरूप उत्पन्न होती हो। IEP में यह वर्णन होना ज़रूरी है कि वार्षिक लक्ष्य के लिए आपके बच्चे की प्रगति को कैसे मापा जाएगा और कब आपको प्रगति रिपोर्ट दी जाएगी।

## विशेष शिक्षा, संबंधित सेवाएं, और अनुपूरक साधन एवं सेवाएं

ARD समिति निर्णय करती है कि किन-किन सेवाओं की ज़रूरत है:

- बच्चे को वार्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उचित रूप से आगे बढ़ने में सक्षम करें;
- सामान्य पाठ्यक्रम (पाठ्यक्रम के अतिरिक्त और गैर-अकादमिक गतिविधियों में भागीदारी सहित) में शामिल होना और प्रगति करना; और
- शिक्षित होना और बिना किसी विकलांगता वाले बच्चों के साथ भागीदारी करना।

IEP में आपके बच्चे को या आपके बच्चे की ओर से ज़रूरी विशेष शिक्षा, संबंधित सेवाओं, और अनुपूरक साधनों और सेवाओं का विवरण शामिल होना चाहिए। यह सेवाएं जहां तक व्यावहारिक हों, साथियों की समीक्षा के अनुसंधान पर आधारित होनी चाहिए है।

इसके अतिरिक्त, IEP में किसी भी ज़रूरी कार्यक्रम संशोधनों और प्रदान किए जाने वाले स्कूल कर्मियों के लिए सहायता का विवरण होना चाहिए। IEP में सेवाओं और संशोधनों की शुरुआत की अनुमानित तारीख और प्रत्याशित आवृत्ति, स्थान, सेवाओं और संशोधनों की अवधि भी शामिल होनी चाहिए।

## राज्य द्वारा मूल्यांकन

फ़ेडरल कानून के तहत, यह निर्धारित करने के लिए कि स्कूल बच्चों को पढ़ाने में और राज्य अकादमिक सामग्री मानकों को पूरा करने में सफ़ल रहे हैं या नहीं, सभी बच्चों को राज्य द्वारा मूल्यांकन दिया जाना चाहिए। टेक्सास में, अकादमिक सामग्री मानकों को टेक्सास अनिवार्य ज्ञान और कौशल के रूप में जाना जाता है जिसे TEA की वेबसाइट (लिंक: bit.ly/3bFeuSk) पर देखा जा सकता है। विकलांग

बच्चे जो विशेष शिक्षा सेवाएं प्राप्त करते हैं वे उचित राज्य आंकलन प्राप्त करेंगे, या तो नियमित मूल्यांकन या सबसे महत्वपूर्ण संज्ञानात्मक क्षमताओं वाले बच्चों के लिए एक वैकल्पिक मूल्यांकन यानी वैकल्पिक शैक्षणिक उपलब्धि मानकों के साथ संबंधित किया गया। भले ही आपका बच्चा नियमित मूल्यांकन या वैकल्पिक मूल्यांकन ले, लेकिन मूल्यांकन को राज्य की चुनौतीपूर्ण शैक्षणिक सामग्री मानकों के साथ जोड़ा गया है, और अगर ज़रूरी हो, तो आपके बच्चे को राज्य और जिलेवार मूल्यांकन पर उचित आवास मिलना चाहिए, जैसा कि आपके बच्चे के IEP में इंगित किया गया है।

अगर ARD समिति निर्धारित करती है कि मूल्यांकनों में शामिल होने के लिए आपके बच्चे के लिए आवास ज़रूरी है तो IEP में समुचित आवास का विवरण होना चाहिए। आवास संबंधी जानकारी (लिंक: bit.ly/3sq2vht) पर उपलब्ध है।

अगर ARD समिति निर्धारित करती है कि आपका बच्चा किसी विशेष राज्य या जिलाव्यापी मूल्यांकन के बदले किसी वैकल्पिक मूल्यांकन में अवश्य भाग ले, तो IEP में एक कथन शामिल होना चाहिए, जिसमें यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि बच्चा नियमित मूल्यांकन में भाग क्यों नहीं ले सकता है तथा चयनित वैकल्पिक मूल्यांकन बच्चे के लिए क्यों ज़रूरी है। आपके बच्चे के IEP के हिस्से के रूप में TEA द्वारा बनाया गया वैकल्पिक मूल्यांकन भागीदारी फ़ॉर्म इसमें शामिल किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, अगर आपका बच्चा वैकल्पिक आंकलन ले रहा है, तो आपके बच्चे के IEP में बेंचमार्क या अल्प-कालिक उद्देश्य भी शामिल होने चाहिए। बेंचमार्क या अल्प-कालिक उद्देश्य केवल उन सबसे महत्वपूर्ण संज्ञानात्मक विकलांग छात्रों के लिए ज़रूरी हैं जो एक वैकल्पिक मूल्यांकन ले रहे हैं जो वैकल्पिक शैक्षणिक उपलब्धि मानकों के साथ जोड़े गए हैं।

## रूपांतरण

IDEA और राज्य कानून के लिए पुराने छात्रों की रूपांतरण सेवाओं के लिए IEP ज़रूरी है। *रूपांतरण सेवाएं* गतिविधियों का एक समन्वित समूह है जिसे स्कूल से स्कूल पश्चात गतिविधियों में जाने में बच्चे की सहायता के लिए तैयार किया जाता है। हालांकि, वह आयु जिस आयु पर रूपांतरण नियोजन होना चाहिए, वह फ़ेडरल और स्टेट कानून के तहत अलग-अलग होती है। इसलिए, 19 TAC §89.1055 के तहत आयुक्त के नियमों के अनुसार यह ज़रूरी है कि संघीय और राज्य, दोनों रूपांतरण सेवाएं पहले IEP से पहले शुरू हों, जो छात्र के 14 वर्ष का हो जाने पर प्रभावी हो जाती हैं। इस प्रकार, जब कोई छात्र 14 वर्ष की आयु को पहुंच जाता है, तो प्रथम IEP के प्रभावी होने से पहले, ARD कमिटी को IEP में निम्नलिखित मुद्दों पर विचार करना चाहिए और अगर उपयुक्त हो, तो उन्हें हल करना चाहिए:

(1) छात्र के पब्लिक स्कूल सिस्टम से बाहर के जीवन में रूपांतरण में उचित छात्र भागीदारी;
(2) छात्र के माता-पिता और भाग लेने के लिए निम्न द्वारा आमंत्रित अन्य व्यक्तियों द्वारा छात्र के रूपांतरण में उचित भागीदारी:
   a. छात्र के माता-पिता; या
   b. स्कूल डिस्ट्रिक्ट जिसमें छात्र नामांकित है;
(3) उचित पोस्टसेकेंडरी एजुकेशन ऑप्शन, जिसमें पोस्टसेकेंडरी-लेवल कोर्सवर्क के लिए तैयारी शामिल है।
(4) एक उचित कार्यात्मक व्यावसायिक मूल्यांकन;
(5) छात्र या छात्र के माता-पिता द्वारा सेवाओं या सरकारी लाभों के लिए सरकारी एजेंसी के लिए रेफ़रल को सुगम बनाने हेतु उपयुक्त परिस्थितियां जिसमें छात्र के लिए उपलब्ध सरकारी लाभों के लिए प्रतीक्षा सूची में छात्र को रखने के लिए सरकारी एजेंसी के लिए रेफ़रल; और
(6) उपयुक्त निम्नलिखित का इस्तेमाल और उपलब्धता:
   a. पूरक सहायता, सेवाएं, पाठ्यक्रम और अन्य अवसर ताकि छात्र को निर्णय-निर्माण कौशल के विकास में सहायता मिल सके; और
   b. समर्थित निर्णय-निर्माण समझौता सहित छात्र की स्वतंत्रता और स्व-निश्चय को बढ़ाने के लिए सहयोग और सेवाएं।

ARD समिति द्वारा निर्धारित 14 वर्ष या उससे कम आयु के छात्र के लिए पहले IEP से पहले, IEP में निम्नलिखित शामिल होना चाहिए:

1. प्रशिक्षण, शिक्षा, रोज़गार और जहां उपयुक्त हो, स्वतंत्र जीवन कौशल से संबंधित आयु-उपयुक्त रूपांतरण आंकलन के आधार पर मापने योग्य उपयुक्त द्वितीयक लक्ष्य; और
2. अध्ययन के पाठ्यक्रमों सहित रूपांतरण सेवाओं की ज़रुरत छात्रों को उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता के लिए होती है।

जब छात्र की आयु 18 वर्ष हो जाती है, तो पहले IEP के प्रभावी होने से पहले, ARD कमिटी को छात्र के IEP में निम्नलिखित मुद्दों पर विचार करना चाहिए और अगर उपयुक्त हो तो उन्हें हल करना चाहिए।

1. छात्र के माता-पिता और अन्य व्यक्तियों द्वारा छात्र के रूपांतरण और भविष्य में भागीदारी, अगर माता-पिता या अन्य व्यक्तिः
   a. छात्र द्वारा या उस स्कूल डिस्ट्रिक्ट द्वारा भागीदारी के लिए आमंत्रित किया जाता है जिसमें छात्र नामांकित है; या
   b. सपोर्टेड निर्णय-निर्माण समझौता के अंतर्गत भागीदारी के लिए छात्र की सहमति है; और
2. आयु-उपयुक्त निर्देशात्मक वातावरण की उपलब्धता, जिसमें कम्युनिटी सेटिंग या ऐसे वातावरण शामिल होते हैं जो छात्र को उसके ट्रांजिशन लक्ष्यों और उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए पोस्टसेकेंडरी एजुकेशन या प्रशिक्षण, प्रतियोगी एकीकृत रोज़गार या स्वतंत्र रहन-सहन के लिए तैयार करता है।

आपके बच्चे को ARD समिति की बैठक में उपस्थित होना चाहिए, जहां रूपांतरण सेवाओं और उच्चतर माध्यमिक लक्ष्यों पर चर्चा की जाएगी। अगर आपका बच्चा बैठक में भाग नहीं लेता है, तो ARD समिति को ये पक्का करने के लिए दूसरे कदम उठाने चाहिए कि आपके बच्चे की प्राथमिकताएं और रुचियां मानी जाएं। अगर आपके बच्चे की आयु 18 से कम है और कम से कम 14 वर्ष है तो, ARD आपके द्वारा या स्कूल के द्वारा भाग लेने के लिए आमंत्रित अन्य व्यक्ति द्वारा छात्र के रूपांतरण में भागीदारी पर विचार ज़रूर करेगा। इसके अतिरिक्त, जहां तक उपयुक्त हो, आपकी लिखित सहमति या वयस्क छात्र की लिखित सहमति से, स्कूल को भागीदारी करने वाली किसी एजेंसी के प्रतिनिधि को आमंत्रित करना होगा जिसके रूपांतरण सेवाओं के लिए भुगतान करने या उसे प्रदान करने के लिए ज़िम्मेदार होने की संभावना है।

## वयस्क छात्र

जब आपका बच्च 18 वर्ष की आयु का हो जाता है तब वह एक *वयस्क छात्र* बन जाता है। वयस्क छात्र को अपनी ओर से निर्णय लेने का अधिकार होता है अगर कानून द्वारा अयोग्य निर्धारित नहीं किया गया है। आपके बच्चे के 18 वर्ष की आयु होने से कम से कम एक वर्ष पहले आयोजित ARD समिति की बैठक में, आपके बच्चे को यह जानकारी मिलेगी कि शैक्षणिक निर्णय लेने का अधिकार उसके माता-पिता से उसके पास हस्तांतरित हो जाएगा। आपके बच्चे के IEP को एक स्टेटमेंट शामिल करना होगा जिससे यह सत्यापित होगा कि माता-पिता को बच्चे को अधिकारों के हस्तांतरण के बारे में सूचित किगा गया है। इसमें एक ऐसा स्टेटमेंट भी शामिल होगा जिसमें गार्डियनशिप, गार्डियनशिप के विकल्प के बारे में साझा जानकारी और संसाधन और स्वतंत्र रहन-सहन में सहायता प्रदान करने के लिए सौंपी गयी अन्य सहायता और सेवाओं के बारे में साझा की गई जानकारी का उल्लेख होगा।

जब आपके अधिकार वयस्क छात्र को हस्तांतरित कर दिए जाते हैं, तो आप और आपका वयस्क छात्र दोनों को भविष्य में ज़रूरी नोटिस मिलते रहेंगे। हालांकि, ARD कमिटी के बैठकों के नोटिस आपके लिए बैठकों में भाग लेने का आमंत्रण नहीं होता। आप बैठकों में केवल तभी भाग ले सकते हैं जब आपके वयस्क छात्र ने आपको आमंत्रित किया हो या आपको आमंत्रित करने के लिए स्कूल को अनुमति दी हो।

## ऑटिज्म वाले बच्चे

19 TAC §89.1055 (g) के अनुसार, ऑटिज्म वाले किसी बच्चे के लिए 11 कार्यनीतियां हैं जिन पर कम से कम सालाना विचार किया जाना चाहिए, जो यथासंभव अधिकतम सीमा तक अनुसंधान-आधारित, सहकर्मी-समीक्षित शैक्षिक कार्यक्रम प्रथाओं पर आधारित है। जब ज़रूरी हों तब इन कार्यनीतियों को IEP में दिया जाना चाहिए। जब ज़रूरी नहीं हो तब IEP में इस बात का कथन शामिल होना चाहिए कि किस आधार पर निर्धारण किया गया था। ARD समिति द्वारा विचार की जाने वाली अतिरिक्त कार्यनीतियां हैं:

- विस्तारित शैक्षिक कार्यक्रम-निर्माण;
- दैनिक कार्यक्रम जो न्यूनतम असंरचित समय और सीखने की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी को दर्शाते हैं।
- घर में और समुदाय-आधारित प्रशिक्षण, या व्यवहार्य विकल्पः
- सकारात्मक व्यवहार सहायता कार्यनीतियां;
- भविष्य की योजना बनाना;
- माता-पिता/परिवार प्रशिक्षण, और सहायता;

- चिह्नित गतिविधियों के लिए समुचित बच्चे व उपयुक्त स्टाफ़ का अनुपात;
- संवाद हस्तक्षेप;
- सामाजिक कौशल सहायता और कार्यनीतियां;
- पेशेवर एजुकेटर/स्टाफ़ सहायता; और
- साथियों की समीक्षा, अनुसंधान-आधारित अभ्यासों के आधार पर शिक्षण कार्यनीतियां।

## ऐसे बच्चे जो बधिर हों या जिन्हें सुनने में कठिनाई हो

बधिर या सुनने में समस्या वाले बच्चे के लिए ARD समिति को बच्चे के इन पक्षों पर ज़रूर विचार करना चाहिए:

- भाषा और संवाद संबंधी ज़रूरतें;
- भाषा और संचार के माध्यम में साथियों और पेशेवर कार्मिकों के साथ सीधे संवाद के लिए अवसर;
- अकादमिक स्तर; और
- बच्चे की भाषा और संचार के माध्यम में सीधे निर्देश के अवसरों सहित बच्चे की ज़रूरत की पूरी रेंज।

## ऐसे बच्चे जो अंधे या दृष्टि बाधित हों

राज्य कानून के तहत, अंधे या दृष्टिबाधित बच्चे के लिए ARD समिति को ब्रेल में बच्चे के IEP निर्देश को ब्रेल में शामिल करना ज़रूरी है और ब्रेल का उपयोग तब तक करना चाहिए जब तक कि ARD समिति यह निर्धारित और दस्तावेजीकृत न कर दे कि ब्रेल बच्चे के लिए उपयुक्त साक्षरता माध्यम नहीं है। ARD समिति का निर्धारण बच्चे के उचित साक्षरता मीडिया और साक्षरता कौशल एवं बच्चे की वर्तमान और भविष्य की अनुदेशात्मक आवश्यकताओं के मूल्यांकन पर आधारित होना चाहिए।

राज्य कानून के तहत, अंधे या दृष्टिबाधित बच्चे के लिए ARD समिति को निम्नलिखित के लिए बच्चे की ज़रूरत पर ज़रूर विचार करना चाहिए:

- प्रतिकृति कौशल, जैसे ब्रेल और अवधारणा विकास, और शेष पाठ्यक्रमों तक पहुंचने के लिए ज़रूरी अन्य कौशल,
- अभिमुखता और गतिशीलता निर्देश;
- सामाजिक संपर्क कौशल;
- करियर प्लानिंग;
- सहायक तकनीकी, ऑप्टिकल डिवाइसेस सहित;
- स्वतंत्र रूप से जीने का कौशल;
- मनोरंजन और विश्राम आनंद;
- आत्म-संकल्प; और
- संवेदी सक्षमता।

## व्यवहारगत सुधार या हस्तपेक्ष योजनाएं (BIP)

अगर ARD समिति निर्धारित करती है कि कोई व्यवहार सुधार योजना या व्यवहार हस्तक्षेप योजना (BIP) आपके बच्चे के लिए उपयुक्त है, तो वह योजना आपके बच्चे के IEP के भाग के रूप में शामिल करना ज़रूरी है और आपको बच्चे को शिक्षित करने की ज़िम्मेदारी के साथ प्रत्येक शिक्षक को प्रदान की जाती है।

## विस्तारित स्कूली वर्ष सेवाएं (ESY)

ARD समिति को आपके बच्चे की IEP की वार्षिक समीक्षा के समय इस बात पर विचार करना होगा कि आपका बच्चा ESY सेवाओं के लिए पात्र है या नहीं। ESY सेवाओं की आवश्यकता को जिला और आपके द्वारा औपचारिक और अनौपचारिक मूल्यांकन का उपयोग करके एकत्रित आंकड़ों का उपयोग करके दस्तावेजित किया जाना चाहिए। आपका बच्चा ESY सेवाओं के योग्य है अगर, आपके बच्चे के वर्तमान IEP लक्ष्यों और उद्देश्यों में संबोधित एक या अधिक महत्वपूर्ण क्षेत्रों में, जहां बच्चे ने पहले अर्जित प्रगति का प्रदर्शन किया है, आपके बच्चे में गंभीर या महत्वपूर्ण गिरावट देखी गई है, या ऐसी गिरावट की संभावना है, जिसे उचित समयावधि में ठीक नहीं किया जा सकता। *गंभीर या पर्याप्त प्रतिगमन* का मतलब है कि बच्चा ESY सेवाओं की अनुपस्थिति में एक या ज़्यादा महत्वपूर्ण IEP क्षेत्रों में पहले

प्राप्त प्रगति को बनाए रखने में सक्षम था, या नहीं हो पाएगा।

अगर ARD समिति तय करती है कि आपके बच्चे को ESY सेवाओं की ज़रूरत है, तो IEP को यह पहचान करनी होगी कि ESY सेवाओं के दौरान किन क्षेत्रों पर ध्यान दिया जाएगा। ARD समिति को बच्चे की वार्षिक IEP समीक्षा बैठक में ESY सेवाओं की आवश्यकता पर चर्चा करना ज़रूरी है।

## प्लेसमेंट

IDEA के लिए ज़रूरी है कि विकलांग बच्चे को *न्यूनतम प्रतिबंधात्मक वातावरण* में शिक्षित किया जाए। इसका मतलब है कि आपका बच्चा उन बच्चों के साथ शिक्षित किया जाना चाहिए, जिनकी विकलांगता अधिकतम सीमा तक उचित नहीं है। सामान्य शैक्षणिक वातावरण से आपके बच्चे को तभी हटाया जाना चाहिए जब उसकी विकलांगता की गंभीरता ऐसी हो कि पूरक मदद और सेवाओं के उपयोग के साथ सामान्य शिक्षा कक्षाओं में शिक्षा संतोषजनक रूप से प्राप्त नहीं की जा सकती।

*अनुपूरक सहायता और सेवाओं* का मतलब है कि मदद, सेवाएं, और अन्य सहायता जो कि सामान्य कक्षाओं, शिक्षा से जुड़ी दूसरी व्यवस्थाओं, और पाठ्यक्रमेतर और गैर-अकादमिक व्यवस्थाओं में दी जाती है, इससे विकलांग बच्चों को गैर-विकलांग बच्चों के साथ जहां तक संभव हो पढ़ाया जा सके।

विशेष शिक्षा प्रक्रिया का एक मुख्य भाग बच्चे के IEP को लागू करने के लिए उचित शैक्षणिक प्लेसमेंट को चिन्हित करना है। प्लेसमेंट विकलांग बच्चों के लिए उपलब्ध प्लेसमेंट विकल्पों (जैसे सामान्य कक्षाएं, विशेष कक्षाएं, विशेष स्कूल, होमबाउंड निर्देश, अस्पतालों और संस्थानों में निर्देश) की निरंतरता के साथ अंकों से संबंधित हैं। प्लेसमेंट विशिष्ट भौतिक स्थान या जगह को नहीं दर्शाता है जहां सेवाएं पहुंचाई जाएगी। ARD समिति बच्चे के IEP के आधार पर शैक्षणिक प्लेसमेंट को तय करती है।

## ARD समिति के निर्णय

अगर संभव हो तो IEP के आवश्यक तत्वों से संबंधित ARD समिति का निर्णय समिति सदस्यों के आपसी समझौते से किया जाना चाहिए। इस पारस्परिक सहमति को आम सहमति कहा जाता है। ARD समिति को सहमति बनाने के लिए काम करना चाहिए, लेकिन ये पक्का करना स्कूल की ज़िम्मेदारी है कि IEP में उन सेवाओं को शामिल किया गया है जो FAPE प्राप्त करने के लिए आपके बच्चे के लिए ज़रूरी है। यह अनुमेय नहीं है कि ARD समिति के फ़ैसले बहुमत के आधार पर किए जाएं। IEP को यह दर्शाना चाहिए कि आप और व्यवस्थापक ARD समिति के निर्णयों से सहमत हैं या असहमत।

अगर आप ARD समिति के फ़ैसले से सहमत नहीं हैं और आप और स्कूल आपस में सहमत नहीं होते हैं तो आपको समिति के अवकाश के रूप में एक अवसर दिया जाएगा जो 10 स्कूली दिनों से ज़्यादा नहीं होगा। अगर आप अवकाश और बैठक फ़िर से बुलाने का प्रस्ताव स्वीकार करते हैं तो ARD समिति को आपसी सहमति से नियत समय और स्थान पर फ़िर से बैठक बुलानी चाहिए। हालांकि, अगर कैम्पस में आपके बच्चे की उपस्थिति आपके या दूसरे बच्चे के शारीरिक चोट का खतरा पैदा करती है, या आपके बच्चे ने निष्कासित करने वाला कोई अपराध किया है या ऐसा अपराध किया है जो अनुशासनात्मक वैकल्पिक शिक्षा कार्यक्रम में प्लेसमेंट की तरफ़ ले जाता है ऐसी स्थिति में अगर आप ARD समिति के निर्णयों से असहमत होते हैं तब ARD समिति को अवकाश में जाने की ज़रूरत नहीं होती है।

अवकाश के दौरान, ARD समिति के सदस्यों को विकल्पों पर विचार करना चाहिए, अतिरिक्त सूचनाएं जुटानी चाहिए, आगे के दस्तावेज़ तैयार करने चाहिए, और/या अतिरिक्त व्यक्तियों की सेवाएं लेनी चाहिए जो आपसी सहमति वाले फ़ैसले पर पहुंचने के लिए ARD समिति की मदद कर सके। अगर ARD समिति फ़िर बैठक करती है और आप असहमत रहते हैं, जब तक कि असहमति में उन सेवाओं के शुरुआती प्रावधान शामिल न हो जिनके लिए सहमति ज़रूरी है तो, स्कूल को वो IEP लागू करना चाहिए जो उसने बच्चे के लिए उचित माना है।

जब आपसी समझौते पर नहीं पहुंचा जा सके, तो असहमति पर एक लिखित वक्तव्य IEP में शामिल किया जाना चाहिए। अगर आप ARD समिति के निर्णयों को लेकर असहमत हैं, तो आपको ये अवसर ज़रूर मिलना चाहिए कि आप असहमति को लेकर अपना पक्ष लिख सकें। IEP लागू करने के लिए स्कूल आपको कम से कम पांच स्कूल दिन पहले लिखित नोटिस दे, जब तक कि आप इससे कम

दिनों पर सहमत न हों।

ARD समिति IEP के सभी आवश्यक तत्वों पर समझौते तक पहुंचने में विफ़ल रहने के अलावा अन्य कारणों के लिए भी अवकाश का चयन कर सकती है।

## IEP की प्रति

स्कूल को आपको बिना लागत के आपके बच्चे की IEP ज़रूर देनी होगी। 19 TAC §89.1055(r) के तहत, अगर आप अंग्रेज़ी नहीं बोल सकते हैं और आपकी मूल भाषा स्पैनिश है तो, स्कूल को आपके बच्चे की IEP की स्पैनिश में अनुवादित लिखित प्रति या ऑडियो रिकॉर्डिंग उपलब्ध करानी होगी। अगर आप अंग्रेज़ी नहीं बोल सकते हैं और आपकी मूल भाषा स्पैनिश के अलावा कोई अन्य भाषा है, तो, स्कूल को आपके बच्चे की IEP को आपकी मूल भाषा में अनुवादित कराने की पूरी कोशिश करके इसकी प्रतिलिपि या ऑडियो रिकॉर्डिंग उपलब्ध करानी होगी। अगर आप अंग्रेज़ी नहीं बोल सकते हैं और आपकी मूल भाषा एक लिखित भाषा नहीं है, तो स्कूल को ये पक्का करने के लिए कदम उठाने होंगे कि आपके बच्चे की IEP आपकी मूल भाषा में मौखिक रूप में या दूसरे प्रकार से अनुवादित की जाए। लिखित अनुवाद का मतलब आपके बच्चे के IEP के सभी पाठ लिखित रूप में अनुवाद किए जाएं। स्कूल आपको ARD समिति की ऑडियो रिकॉर्डिंग उपलब्ध करा सकता है अगर आपको दुभाषिए की मदद मिली है या बैठक का अनुवाद किया गया है, जब तक कि आपके बच्चे की IEP की सभी विषय-वस्तु मौखिक रूप से अनुवादित और रिकॉर्ड की गई है।

स्कूल को ये पक्का करने के लिए सभी उचित कदम उठाने होंगे कि अभिभावक ARD समिति की बैठक की कार्यवाही को समझें, जिसमें उन अभिभावकों के लिए दुभाषिए की व्यवस्था करना भी शामिल है जो बधिर हैं, कम सुनते हैं या जिनकी मातृभाषा अंग्रेज़ी नहीं है।

## IEP की समीक्षा

ARD समिति आपके बच्चे की IEP की समीक्षा के लिए वर्ष में एक बार ज़रूर बैठक करे और ये तय करे कि क्या वार्षिक लक्ष्य पूरे हो रहे हैं। ARD समिति आपके बच्चे की IEP में उचित बदलाव के लिए साल में एक बार से ज़्यादा भी प्रायः मिल सकती है, ताकि:

- वार्षिक लक्ष्य और सामान्य पाठ्यक्रम में संभावित प्रगति में किसी भी कमी को दूर किया जा सके;
- किसी भी पुनर्मूल्यांकन के परिणामों को संबोधित कर सके;
- बच्चे के बारे में माता-पिता या और अन्य द्वारा दी गई सूचना प्राप्त कर सके;
- बच्चे की अपेक्षित आवश्यकताएं; या
- अन्य मामले।

आप अपने बच्चे की शिक्षा से जुड़ी चिंताओं पर वार्ता के लिए ARD समिति की बैठक के लिए लिखित अनुरोध कर सकते हैं। स्कूल बैठक के लिए या तो आपके अनुरोध को स्वीकृति दे या, पांच स्कूल दिनों में, आपको लिखित नोटिस के ज़रिये ये सूचित करे कि बैठक बुलाने का फ़ैसला लेने से इनकार क्यों कर दिया। अगर आप अंग्रेज़ी बोलने में सक्षम नहीं हैं, तो स्कूल द्वारा तब तक आपकी मूल भाषा में नोटिस देना ज़रूरी है जब तक कि ऐसा करना स्पष्ट रूप से संभव नहीं हो। अगर आपकी मूल भाषा एक लिखित भाषा नहीं है तो स्कूल के लिए ये पक्का करने के लिए कदम उठाना ज़रूरी है कि नोटिस मौखिक रूप से या किसी अन्य माध्यम में अनूदित किया गया है जिसे आप समझते हैं।

आप और स्कूल ARD समिति की बैठक के बिना भी IEP में बदलाव के लिए सहमत हो सकते हैं। हालांकि, योग्यता निर्धारण में बदलाव, प्लेसमेंट में बदलाव, और अभिव्यक्ति निर्धारण अनिवार्य रूप से ARD समिति की बैठक में किया जाना चाहिए। अगर कोई IEP ARD समिति की बैठक के बाहर बदला जाए, तो जिसमें बदलाव पर बनी सहमति अनिवार्य रूप से एक लिखित दस्तावेज़ में होनी चाहिए। अनुरोध के बाद, स्कूल अनिवार्य रूप से बदलाव के साथ संशोधित IEP की प्रतिलिप मुहैया कराए। इसके अतिरिक्त, स्कूल ये पक्का करे कि बच्चे की ARD समिति को बदलावों के बारे में सूचित किया जाए।

## पुनर्मूल्यांकन

जब आपका बच्चा विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएं हासिल करने लग जाए, तो समय-समय पर पुनर्मूल्यांकन ज़रूरी है। स्कूल पुनर्मूल्यांकन के लिए आपकी सहमति लेने के लिए उचित कोशिश करे। अगर आप उचित कोशिशों के बावजूद जवाब नहीं देते हैं तो, स्कूल बिना आपकी सहमति के पुनर्मूल्यांकन कर सकता है। अगर आप अपने बच्चे के पुनर्मूल्यांकन के लिए सहमति देने से मना कर देते हैं तो स्कूल पुनर्मूल्यांकन के लिए आपकी असहमित की अनदेखी के लिए मध्यस्थता या उचित प्रक्रिया सुनवाई के लिए अनुरोध करे लेकिन ऐसा करना ज़रूरी नहीं है। अगर स्कूल पुनर्मूल्यांकन के लिए सहमति के आपके इनकार की अनदेखी करना नहीं चाहता है तो आपके बच्चे के मूल्यांकन के लिए स्कूल अपने कर्तव्य या दायित्व का उल्लंघन नहीं करे।

पुनर्मूल्यांकन शुरुआती मूल्यांकन जैसा ही होता है। पुनर्मूल्यांकन ये पता लगाने के लिए अनिवार्य रूप से व्यापक होना चाहिए कि आपका बच्चा अभी भी विकलांग है और आपके बच्चे की शैक्षिक आवश्यकताओं का निर्धारण हो सके। जब तक आप और स्कूल दूसरे तरीके पर सहमत नहीं होते हैं, आपके बच्चे की आवश्यकताओं का पुनर्मूल्यांकन हर तीन साल पर अनिवार्य रूप से होना चाहिए। अन्यथा जब तक आप और स्कूल सहमत नहीं होते हैं, तब तक एक साल के भीतर एक से ज़्यादा पुनर्मूल्यांकन नहीं होना चाहिए।

मौजूदा मूल्यांकन आंकड़ों की समीक्षा (**REED**) अगर उचित हो और अनिवार्य रूप से शुरुआती मूल्यांकन और IDEA के तहत किसी बच्चे के पुनर्मूल्यांकन के हिस्से के रूप में REED होना चाहिए। मौजूदा मूल्यांकन आंकड़ों की समीक्षा के लिए स्कूल को आपकी सहमति लेने की ज़रुरत नहीं है। अगर यह प्रारंभिक मूल्यांकन है तो REED मूल्यांकन एक बहु-विषयक टीम द्वारा किया जाना चाहिए, या अगर यह एक नया मूल्यांकन है तो ARD समिति द्वारा किया जाना चाहिए, जिसमें आप भी शामिल हैं, लेकिन यह किसी बैठक में किया जाना ज़रूरी नहीं है। सदस्यों को मूल्यांकन या पुनर्मूल्यांकन के दायरे को निर्धारित करने के लिए आपके बच्चे के बारे में आपके द्वारा दी गई सूचनाओं समेत मौजूदा मूल्यांकन आंकड़ों की अनिवार्य रूप से समीक्षा करनी चाहिए।

अगर आपका बच्चा पहले से ही विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएं हासिल कर रहा है, तो ARD समिति ये तय करती है कि आपके बच्चे की विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं में कुछ जोड़ने या संशोधनों के लिए अतिरिक्त मूल्यांकन की ज़रुरत है या नहीं।

अगर ARD समिति तय करती है कि आपके बच्चे की विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं की आवश्यकता के लिए अतिरिक्त मूल्यांकन की ज़रूरत नहीं है तो इस निर्णय के कारणों को आपको समझाना ज़रूरी है। ARD समिति के इस निष्कर्ष को समझाने के बाद कि मौजूदा मूल्यांकन आंकड़े क्यों पर्याप्त हैं, स्कूल को ज़रूरी पुनर्मूल्यांकन को पूरा करने के लिए नया मूल्यांकन करने की ज़रुरत नहीं है जब तक कि आपने स्कूल से ऐसा करने का अनुरोध किया हो।

## स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन (IEE)

अगर आप स्कूल के द्वारा किसी मूल्यांकन और पुनर्मूल्यांकन से असहमत हैं तो, आप स्कूल के खर्च पर स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन (IEE) का अनुरोध कर सकते हैं। स्कूल को आपको अनिवार्य रूप से ये सूचना देनी होगी कि कहां से IEE हासिल किया जा सकता है और IEE हासिल करने के लिए स्कूल के मानदंडों की प्रतिलिपि भी ज़रूर देनी होगी। IEE को स्कूल के मानदंडों को ज़रूर पूरा करना होगा। अगर आप IEE का अनुरोध करते हैं तो स्कूल को बिना कोई देरी किए या तो IEE का खर्च ज़रूर उठाना होगा या ये दिखाने के लिए कि उसका मूल्यांकन सही है उचित प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध करना होगा। जब स्कूल मूल्यांकन करता है तो आप हर बार सार्वजनिक खर्च पर सिर्फ़ एक IEE के हकदार होते हैं। अगर स्कूल सुनवाई का अनुरोध करता है और सुनवाई करने वाला अधिकारी ये निर्णय करता है कि स्कूल का मूल्यांकन उचित है तो भी आपके पास IEE का अधिकार है, लेकिन ये स्कूल के खर्च पर नहीं होगा। स्कूल के मानदंडों को पूरा करने वाली IEE से मिली सूचना पर FAPE के प्रावधानों के तहत ARD समिति को अनिवार्य रूप से विचार करना होगा, चाहे स्कूल IEE के लिए भुगतान करता है या नहीं।

## सेवाओं के लिए सहमति का निरसन

जैसे कि आपको विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के शुरुआती प्रावधानों के लिए सहमति देने का अधिकार है, वैसे ही आपको सेवाओं के लिए दी गई सहमति के निरसन का अधिकार है। सहमति के निरसन की आपकी अर्जी लिखित में होनी चाहिए। जब स्कूल को लिखित में निरसन का आवेदन मिलता है तो, उसे आपके निर्णय का सम्मान करना चाहिए। हालांकि, सेवाएं बंद करने से पहले स्कूल को आपको

लिखित नोटिस में बताना पड़ेगा कि सेवाएं बंद हो जाएगी। हालांकि स्कूल सेवाएं बंद कर सकता है, अतीत में आपके बच्चे की पिछली विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के किसी भी संदर्भ को हटाने के लिए स्कूल को आपके बच्चे के शैक्षिक रिकॉर्ड्स में संशोधन करने की ज़रुरत नहीं है।

अगर आप विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के निरंतर प्रावधान के लिए अपनी सहमति का निरसन करते हैं तो आपके बच्चे को IDEA के तहत किसी तरह के संरक्षण का अधिकार नहीं मिलेगा। इसके अलावा, अगर आप सेवाओं के लिए अपनी सहमति का निरसन करते हैं, तो स्कूल आपके निर्णय को बदलने या चुनौती देने के लिए मध्यस्थता या उचित प्रक्रिया सुनवाई के लिए अनुरोध नहीं कर सकता है।

## स्नातक

टेक्सास में सार्वजनिक सेवा तंत्र का एक उद्देश्य ये है कि सभी छात्र हाईस्कूल डिप्लोमा प्राप्त करने तक स्कूल में रहे। नियमित हाई स्कूल डिप्लोमा के साथ स्नातक होने के लिए छात्रों को कुछ मानकों को पूरा करना होगा। जो छात्र विशेष शिक्षा और संबंधित सेवा हासिल करते हैं, उन छात्रों को स्नातक बनाने की तैयारी करने या छात्र की विशेष शिक्षा और संबंधित सेवा को खत्म करने के लिए स्कूल कुछ तय प्रक्रियाओं का पालन करें क्योंकि छात्र अब आयु की योग्यता को पूरा नहीं करता है। इसके अलावा, स्नातक से संबद्ध कुछ निर्णयों में ARD समिति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

IDEA के अंतर्गत, योग्य बच्चे या वयस्क छात्र के लिए तब तक विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएं उपलब्ध होनी चाहिए जब तक कि वो स्नातक नहीं हो जाता या राज्य कानून के तहत निःशुल्क उपयुक्त सार्वजनिक शिक्षा के लिए आयु पात्रता से ज़्यादा हो जो कि टेक्सास में 21 वर्ष या छात्र के 22वें जन्मदिन तक है। विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएं हासिल कर रहा एक वयस्क छात्र जो स्कूल वर्ष 1 सितंबर को 21 साल का है और पाठ्यक्रम मानकों को और सामान्य शिक्षा में छात्रों पर लागू क्रेडिट ज़रूरतों को पूरा कर स्कूल साल खत्म होने या स्नातक स्तर की पढ़ाई तक सेवाएं प्राप्त करने के योग्य है और उसे हाईस्कूल डिप्लोमा प्रदान किया जाता है, जो भी पहले आता है।

जब आपके बच्चे या वयस्क छात्र की विशेष शिक्षा के लिए पात्रता एक हाई स्कूल डिप्लोमा के साथ स्नातक होने के कारण या विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के लिए उम्र की पात्रता से अधिक होने के कारण समाप्त हो रही है तो स्कूल को सेवाओं की समाप्ति से पहले आपको लिखित नोटिस देना होगा। इसके अलावा, स्कूल को बच्चे या वयस्क छात्र को उसकी अकादमिक उपलब्धि और व्यावहारिक प्रदर्शन का संक्षिप्त विवरण देना होगा, जिसमें बच्चे या वयस्क छात्र के पोस्ट-सेकेंडरी लक्ष्यों को पूरा करने में बच्चे या वयस्क छात्र की सहायता करने की सिफ़ारिशें शामिल होंगी।

एक बच्चा या वयस्क छात्र जो विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएं प्राप्त करता है, वह सामान्य शिक्षा में छात्रों के लिए लागू समान पाठ्यक्रम मानकों और क्रेडिट ज़रूरतों को पूरा करके स्नातक हो सकता है और उसे हाई स्कूल डिप्लोमा प्रदान किया जा सकता है, साथ ही ज़रूरी राज्य मूल्यांकन (जिसमें ऐसी स्थितियाँ भी शामिल हो सकती हैं जिनमें छात्र ने प्रयास किया, लेकिन ज़रूरी राज्य मूल्यांकनों में से अधिकतम दो में संतोषजनक प्रदर्शन प्राप्त करने में असफ़ल रहा)।

सभी स्नातक छात्र जो विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के योग्य थे जिनकी पात्रता एक हाई स्कूल डिप्लोमा के पुरस्कार के कारण समाप्त हो गयी है, उन्हें शैक्षणिक उपलब्धि और कार्यात्मक प्रदर्शन का सारांश देना चाहिए। उचित रूप से इस सारांश में माता-पिता और छात्र के दृष्टिकोण पर विचार किया जाना चाहिए और पोस्ट सेकेंडरी लक्ष्यों को हासिल करने में छात्रों को सहायता प्रदान करने की विधि पर एडल्ट सर्विस एजेंसियों की ओर से लिखित सुझावों को शामिल किया जाना चाहिए। कुछ छात्रों के लिए, सारांश में छात्र का मूल्यांकन शामिल होना चाहिए।

एक बच्चा या वयस्क छात्र जो 19 TAC 89.1070(b)(2) या (b)(3)(A), (B), या (C) के अनुसार स्नातक की शर्तों को पूरा करता है और 22 वर्ष से कम उम्र का है, वह अभी भी IDEA के तहत मुफ्त उपयुक्त सार्वजनिक शिक्षा का हकदार है। कोई बच्चा कुछ परिस्थितियों में स्कूल वापस आ सकता है और स्कूल वर्ष के आखिर तक जिसमें वो 22 साल का हो जाता है, सेवाओं को प्राप्त कर सकता है। अगर आपका बच्चा स्नातक की ज़रूरतों को पूरा करने और डिप्लोमा प्राप्त करने के बाद वापस लौटना चाहता है, तो ARD समिति को यह निर्धारित करना होगा कि कौन सी शैक्षिक सेवाओं की ज़रुरत है।

## अनुशासन

ऐसे विशेष नियम हैं जो विकलांग छात्रों के खिलाफ़ किए गए अनुशासनात्मक कार्यों पर लागू होते हैं। सामान्य तौर पर, वर्तमान शैक्षणिक प्लेसमेंट से 10 स्कूल दिन से ज़्यादा हटाया नहीं जा सकता है अगर उसका दुर्व्यवहार उसके या उसकी विकलांगता से संबद्ध है। इसके अलावा, विकलांग छात्र से जुड़ी कुछ निश्चित अनुशासनात्मक स्थितियों के लिए ARD समिति की बैठक ज़रूरी हो जाती है।

### अल्प-कालिक निष्कासन

अगर आपका बच्चा छात्र आचरण संहिता का उल्लंघन करता है तो स्कूल अधिकारी आपके बच्चे तो वर्तमान शैक्षणिक प्लेसमेंट से निकाल सकते हैं। यह निष्कासन उपयुक्त हो सकता है अंतरिम वैकल्पिक शैक्षणिक व्यवस्था (**IAES**), दूसरी व्यवस्था, या 10 स्कूल दिन से अधिक का निष्कासन नहीं (इस हद तक कि अनुशासनात्मक उपाय गैर-विकलांग बच्चे पर लागू किया जाता है। ); और, दुर्व्यवहार की अलग-अलग घटनाओं के लिए उसी स्कूल वर्ष में लगातार 10 स्कूल दिनों से ज़्यादा का अतिरिक्त निष्कासन नहीं (जब तक कि वे निष्कासन प्लेसमेंट में बदलाव की वजह नहीं बनते। इसे अक्सर *10-डे रुल* के रूप में संदर्भित किया जाता है।

लगातार 10 स्कूली दिन या उससे कम अनुशासनात्मक निष्कासन ARD समिति की बैठक का कारण नहीं बनता है। स्कूल जिला किसी विकलांग या बिना अपंग उस बच्चे को अपनी सेवा प्रदान नहीं करता है, जिसे उस स्कूल वर्ष में 10 या उससे कम दिनों के लिए उसके मौजूदा प्लेसमेंट से हटा दिया गया हो।

### 10 दिन या उससे ज़्यादा का संचयी निष्कासन

स्कूल अधिकारी कदाचार की अलग-अलग घटनाओं के लिए एक ही स्कूल वर्ष में अतिरिक्त अल्प-कालिक निष्कासन का आदेश दे सकते हैं, बशर्ते इस निष्कासन से प्लेसमेंट में परिवर्तन नहीं हो। एक ही स्कूल वर्ष में 10 संचयी स्कूली दिनों के लिए आपके बच्चे के निष्कासन के बाद, अगर वर्तमान निष्कासन लगातार 10 से ज़्यादा स्कूल दिन नहीं है और प्लेसमेंट में परिवर्तन नहीं है, तो स्कूल को सेवाएं प्रदान करनी चाहिए जिससे आपका बच्चा किसी अन्य व्यवस्था में सामान्य शिक्षा पाठ्यक्रम में भाग ले सके और आपके बच्चे के IEP में निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने की तरफ बढ़ सके। स्कूल कर्मचारी को आपके बच्चे के कम से कम एक शिक्षक से ज़रूर परामर्श करना चाहिए कि कौन सी सेवाएं जरूरी हैं। ध्यान दें कि IDEA को 34 CFR §300.530 (d)(5) की ज़रुरत है जो कि ARD समिति उपयुक्त सेवाओं को निर्धारित करती है अगर निष्कासन प्लेसमेंट में बदलाव है।

### प्लेसमेंट में परिवर्तन

विकलांग बच्चे को उसके मौजूदा शैक्षणिक प्लेसमेंट से निष्कासित करना ही *प्लेसमेंट में परिवर्तन* है। अगर निष्कासन 10 से ज़्यादा स्कूली दिनों के लिए है तो या बच्चे को कई बार निष्कासित किया गया है जो कि एक पैटर्न है। निष्कासन का एक पैटर्न बनता है जबः

- एक स्कूल वर्ष में कुल निष्कासन 10 से ज़्यादा स्कूली दिनों का हो;
- बच्चे का व्यवहार पिछली घटनाओं में बच्चे के बर्ताव के लगभग समान होता है, जिसके कारण निष्कासन की श्रृंखला पैदा होती है; और
- अन्य कारक जैसे निष्कासन की अवधि, बच्चे के निष्कासन का कुल समय, और एक-दूसरे निष्कासन से नज़दीकी।

स्कूल घटनाओं के आधार पर यह तय करेगा कि निष्कासन के पैटर्न के परिणामस्वरूप प्लेसमेंट ज़रूरी है या नहीं। आप इस बारे में स्कूल के निर्णय को चुनौती दे सकते हैं कि क्या निष्कासन का पैटर्न एक नियत प्रक्रिया सुनवाई और न्यायिक कार्यवाही के ज़रिये हुआ है।

अगर स्कूल ऐसे निष्कासन का प्रस्ताव रखता है जो प्लेसमेंट की वजह बने तो स्कूल द्वारा अधिकारी को इस बारे में आपको सूचित करना अनिवार्य है और आपको *प्रक्रियात्मक उपायों के नोटिस* की एक प्रतिलिपि उपलब्ध कराए (लिंक: fw.escapps.net)। यह अनिवार्य रूप से उस तारीख को किया जाना चाहिए जिस तारीख को बच्चे के प्लेसमेंट को बदलने का निर्णय लिया गया हो। इसके अलावा, स्कूल को अनिवार्य रूप से ARD समिति की बैठक बुलानी होगी जिसे अभिव्यक्ति निर्धारण कहा जाता है। अभिव्यक्ति निर्धारण की बैठक उस तारीख के 10 स्कूली दिवस के भीतर होनी चाहिए, जिस दिन बच्चे के प्लेसमेंट को बदलने का निर्णय लिया गया हो।

## अभिव्यक्ति निर्धारण

*अभिव्यक्ति निर्धारण* करते हुए, ARD समिति को आपके बच्चे की IEP, किसी शिक्षक की टिप्पणियां और आपकी ओर से किसी नतीजे पर पहुंचने के लिए दी गई सूचनाओं समेत फ़ाइल में सभी ज़रूरी जानकारियों की समीक्षा करनी होगी कि:

- क्या जिस आचरण पर प्रश्न उठ रहा है अगर उसका सीधा या बहुत हद तक आपके बच्चे की विकलांगता से संबंध है; या
- क्या जिस आचरण पर सवाल उठ रहा है वो IEP को लागू करने में स्कूल की विफ़लता का सीधा नतीजा है।

अगर ARD समिति तय करती है कि इनमें से कोई भी शर्त पूरी हुई है, तब आचरण बच्चे की विकलांगता की अभिव्यक्ति होती है। अगर ARD समिति तय करती है कि इनमें से कोई शर्त पूरी नहीं होती, तब आचरण बच्चे की विकलांगता की अभिव्यक्ति नहीं होती है।

## जब आचरण अभिव्यक्ति होती है

अगर आचरण आपके बच्चे की विकलांगता की एक अभिव्यक्ति होती है, तब ARD समिति को चाहिए कि:

- वह कार्यात्मक व्यवहार मूल्यांकन (**FBA**) आयोजित करे, जब तक कि स्कूल ने उस व्यवहार से पहले FBA का आयोजन किया था जिसके चलते प्लेसमेंट में बदलाव हुआ, और BIP को लागू किया; या
- अगर BIP पहले से मौजूद है, तो BIP की समीक्षा करना और इसमें संशोधन व्यवहार के हल के लिए ज़रूरी है।

इसके अलावा, ARD समिति अनिवार्य रूप से आपके बच्चे को वापस उस प्लेसमेंट में भेजें जहां से आपके बच्चे को निष्कासित किया गया था, जब तक किः

- आप और स्कूल आपके बच्चे के BIP में संशोधन के लिए प्लेसमेंट में बदलाव पर सहमत होते हैं; या
- आपके बच्चे द्वारा छात्र आचरण संहिता के उल्लंघन में नीचे वर्णित विशेष परिस्थितियों में एक शामिल है।

अगर ARD समिति इस निष्कर्ष पर पहुंचती है कि आपके बच्चे का आचरण IEP लागू करने की स्कूल की विफ़लता के कारण है तो, स्कूल को कमियों को ठीक करने के लिए तुरंत कदम उठाए।

## जब आचरण अभिव्यक्ति नहीं है

अगर आचरण आपके बच्चे की विकलांगता की एक अभिव्यक्ति नहीं है, तो स्कूल कर्मचारी आपके बच्चे को दूसरे बच्चों की तरह अनुशासित करेंगे, इस बात को छोड़कर कि उचित शैक्षणिक सेवाएं अनिवार्य रूप से जारी रहे। बच्चे की ARD समिति तय करेगी कि किस IAES में बच्चे को सेवाएं दी जाएंगी।

## विशेष परिस्थितियां

स्कूल कर्मचारी आपके बच्चे को IAES में 45 दिनों के लिए निकाल सकते हैं, इस बात के लिए कि क्या यह व्यवहार उन मामलों में विकलांगता की उसकी अभिव्यक्ति है जहां आपका बच्चाः

- स्कूल, स्कूल परिसर या स्कूल के कार्यक्रम में हथियार लेकर आता है या रखता है;
- स्कूल, स्कूल परिसर या स्कूल के कार्यक्रम में जान-बूझकर अवैध मादक द्रव्य रखता है या उसका उपयोग करता है या उसे बेचता है या नियंत्रित पदार्थ की बिक्री करता है या उसकी मांग करता है; या
- स्कूल, स्कूल परिसर या स्कूल के कार्यक्रम में किसी को गंभीर शारीरिक चोट देता है।

ARD समिति यह तय करेगी कि बच्चे को किस IAES में सेवा दी जाएगी।

## अभी तक विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के योग्य नहीं पाए गए बच्चों की सुरक्षा

अगर आपका बच्चा विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के लिए योग्य नहीं पाया गया है, लेकिन ऐसे व्यवहार में लिप्त है जो छात्र आचरण संहिता का उल्लंघन करता है तो आपका बच्चा IDEA में प्रक्रियागत संरक्षण का हकदार है अगर स्कूल को ये पता था कि आपका बच्चा इस व्यवहार से पहले विकलांग था। इस विषय के बारे में अतिरिक्त सूचनाएं *प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों की नोटिस* (लिंक:

fw.escapps.net) में देखी जा सकती है।

## त्वरित उचित प्रक्रिया सुनवाई

अगर आप किसी IAES में प्लेसमेंट के निर्णय या अभिव्यक्ति निर्धारण से असहमत हैं तो, आप त्वरित उचित प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध कर सकते हैं। आपके बच्चे का स्कूल भी उचित प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध कर सकता है अगर स्कूल ARD समिति के इस फ़ैसले के बाद बच्चे की स्कूल में वापसी को चुनौती देना चाहता है कि बच्चे का आचरण उसकी विकलांगता की अभिव्यक्ति है।

## विवाद का निपटारा

समय-समय पर, पहचान, मूल्यांकन, शैक्षणिक प्लेसमेंट, या आपके विकलांग बच्चे की FAPE के प्रावधान को लेकर विवाद पैदा हो सकते हैं। अगर असहमति उत्पन्न होती है, तो आपको पैदा होने वाले मतभेद दूर करने के लिए मज़बूती से स्कूल कर्मचारियों के साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। आप स्कूल से पूछ सकते हैं कि विवाद निपटारे के लिए माता-पिता को कौन से विकल्प दिए जाते हैं। TEA विशेष शिक्षा असहमतियों के निपटारे के लिए चार औपचारिक विकल्प पेश करता है: राज्य IEP सुविधा, मध्यस्थ सेवाएं, विशेष शिक्षा शिकायत निवारण प्रक्रिया, और उचित प्रक्रिया सुनवाई कार्यक्रम।

TEA के विवाद निपटान विकल्पों से जुड़ी सूचनाएं *प्रक्रियागत नोटिस उपायों* (लिंक: fw.escapps.net) में पाई जा सकती है। अतिरिक्त जानकारी निम्नलिखित URL के TEA की वेबसाइट (लिंक: bit.ly/3bL6n73). पर देखी जा सकती है

## अतिरिक्त सहायता

इस दस्तावेज़ में पाए गए संक्षिप्तीकरण की परिभाषाओं की पूरी सूची के लिए, लीगल फ़्रेमवर्क वेबसाइट (लिंक: bit.ly/3oIsKNS) देखें।

इस दस्तावेज़ की प्रतियाँ अन्य भाषाओं में SPEDTex वेबसाइट (लिंक: bit.ly/3qorCzg) पर भी उपलब्ध हैं।

आप स्कूल काउंसलर या स्कूल के विशेष शिक्षा विभाग से इसकी एक प्रति के लिए अनुरोध कर सकते हैं।